## न्यूज गैलरी

### विधायक ने 15वें वित्त आयोग के योजनाओं के समीक्षा बैठक की



सिल्ली। विधायक सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार की शाम प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में प्रखंड प्रमुख जितेंद बड़ाईक, प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकडा एवं पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सेवकों के साथ बैठक कर 15 वें वित्त आयोग के योजनाओं की समीक्षा की। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हो इसके लिये लगातर प्रयास किये जा रहे है। हाई स्कूलों में स्मार्ट क्लास शुरू करने के बाद अब मिडिल स्कूल में भी अब स्मार्ट क्लास शुरू किए जाने की योजना है। इसलिये स्कूलों में जरूरी आधारभूत संरचना का होना जरूरी है। विधायक ने कहा कि पंचायतों की 15 वित्त की राशि से ग्राम सभाओं में सूचीबद्ध योजनाओ को पूरा करने को प्राथमिकता दें। साथ ही पंचायतों के क्षेत्र में आने वाले स्कूलों में नल जल योजनाओं को समेत आधारभूत संरचना को पूरा करने में 15 वें वित्त की राशि का उपयोग करें। मौके पर मुखिया सोमवारी देवी, लालू उरांव, कन्हैया लोहरा, भरत मुंडा, शर्मिला कुमारी, शोभराज मांझी, हरिपदो, मांझी प्रकाश सिंह मुंडा, शोमरा मांझी, शुशील चंद्र सिंह मुंडा, जेई मनीष कुमार, पानी माई बारी, सुमीत लाहा हमेंत पंचायत सेवक उपस्थित थे।

### संगीतकार व वादक का आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



सिल्ली। सिल्ली नीचे टोला राधिका मैदान समीप निवासी क्षेत्र के जाने–माने संगीतकार व वादक प्रभाकर विश्वकर्मा (70 )का असकमिक निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । प्रभाकर विश्वकर्मा का स्थानीय क्षेत्रों में होने वाले उत्सव से गहरा नाता रहा है। कई उत्सव में उन्होंने अपने संगीत व वादक की झंकार उत्सव के मंच से बिखेरी और हजारों श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस संगीतकार के चले जाने से क्षेत्र में होने वाले उत्सव के लिए बेहद दुख का दिन है। संगीत जगत में शोक की लहर सी छा गई है। सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक कहा कि हमने क्षेत्र के एक प्रसिद्ध संगीतकार खो दिया है जो सदियों तक याद रहेगा।

### जियो के खराब नेटवर्क बनी ग्रामीणों की परेशानी, ग्रामीण व छात्र–छात्राएं हो रहे हैं परेशान



सिल्ली। सिल्ली के आस पास गांव में रहने वालों के पास मोबाइल तो है परंतु पूरे समय इसमें नेटवर्क नहीं रहता है जिससे लोगों के बीच जिओ नेटवर्क को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है। सबसे अधिक परेशानी युवा वर्ग अपने इंस्टिट्यूट के द्वारा वर्क फ्रॉम होम कार्य कर रहे। सबसे अधिक परेशानी बुढ़ाआम आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में जिओ टावर से सेवाएं प्रदान नहीं कर रहा है जिससे आसपास के क्षेत्र वासियों के लिए मोबाइल पर नेटवर्क नहीं रहता या स्थिति परेशानी का सबब बन चुकी है। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र में पोलटेनिक एल, एन, टी,के द्वारा पवार ग्रिट ,कस्तुरबा स्कूल , समेत कई बड़े कम्पनी है।यहाँ वासियों इसकी शिकायत जिलाधिकारी कर्मचारी से कई बार कर चुके हैं लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रहती ज्ञात हो कि आज मोबाइल दिखावे का सामग्री ना होकर जरूरत का सामग्री हो गया है हर किसी की जरूरत और सुविधा का साधन बन गया है।

# कार्यकर्ता घर-घर जाकर विकास कार्यों की जानकारी दें : सांसद



**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मण्डल कार्यसमिति की बैठक सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर ओरमांझी में हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को गमछा ओढा कर सम्मानित किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए ग्रामीण संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि संगठन में जितने भी प्रभारी दायित्व में हैं। उसे प्रत्येक बूथ स्तर पर बैठक करना और महीना में एक बार गाँव का भ्रमण करना है। बूथ स्तर, पंचायत स्तर और प्रखंड स्तर पर प्रधानमंत्री की सभी योनाओं की ग्रामीण को जानकारी दे जिससे प्रभावित हो कर मतदाता और दुसरे दल के कार्यकर्ता भाजपा मे शामिल हो। इससें पार्टी का जनाधार बढेगा।बैठक मे उपस्थित प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कार्यसमिति सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का रीड है इन्हें अपने इमानदारी और कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए बूथ स्तर पर जाकर ग्रामीणों को पार्टी के नीति और सिद्धांत और केंद्र सरकार के द्वारा किए गए विकास योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाएं इससे पार्टी और भी मजबूत होगा । बैठक में मुख्य रूप से संगठन जिला प्रभारी बिनोद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी ,रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही , महामंत्री प्रीतम साहू , अलखनाथ महतो, शशिभूषण कुमार, राजनाथ ओरान ,सुनील महतो , अरविंद बबलू , राजधम साहू, राजकिशोर साहू, भानु प्रताप महतो, किरण देवी, कविता चौधरी, रीता देवी, गंगेश्वरी देवी, दीपक बड़ाईक, बालक पाहन, लक्ष्मन साहू, कृष्णा महतो, चतुर साहू, गनेशकिशोर महतो, रोहित साहू , कामेश्वर महतो, आनंद महतो, धनंजय महतो , संतोष कुशवाहा, सत्यनारायण तिवारी,दुर्गा शंकर साहु, उमाशंकर साहु, विक्रांत तिवारी, बालक महतो, निलमोहन पाहन, कैलाश पाहन, अमित मुंडा, शंकर महतो, सुरेन्द्र प्रजापति, रामलखन महतो, रामराज महतो, शशि मेहता, राजबली गंझू विशेश्वर महतो सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेड़ो में धूमधाम से मनाया गया अनंत चतुर्दशी पूजा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत धूम धाम से मनाया गया। जहां महादानी मंदिर परिसर में अशोक पंडा ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। इस दौरान महिलाओं व बुजुर्गों संग बच्चों ने भी व्रत रखा तथा भगवान अनंत की कथा सुनी। वही अनंत भगवान को दूध,दही, मधु, पुआ, पूड़ी, केला, सेव, खीरा आदि का भोग निवेदित किया। साथ ही अनंत भगवान की कथा का श्रवण कर परिवार की खुशहाली की कामना की गई। कच्चे सूत से बने 14 गांठ वाले अनंत की पूजा कर लोगों ने अपनी आस्था जताई। कथा श्रवण कर घर में सुख, शांति, वैभव और यश की कामना की। कथा के बाद पुरुषों ने दाहिने व महिलाओं ने बायीं भुजा पर पीले रंग के अनंत का धागा बांध मिष्ठान व पकवान खाए।

# प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने सिल्ली अस्पताल का औचक निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने शुक्रवार को सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रमुख ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं अस्पताल के सौचालय में साफ सफाई की व्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त करते हुए साफ सफाई में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र के मरीजों के इलाज से जुड़ी व्यवस्था को अस्पताल में बनाये रखने का अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कई तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करा रही है, ताकि अस्पताल आने वाले मरीजों को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मियों को स्वास्थ्य सेवा से जुड़े अपने दायित्वों के निर्वहन की बात कही। निरीक्षण के क्रम में ओपीडी, प्रसूति वार्ड, प्रसव कक्ष, लैब से जुड़े व्यवस्था, एवं सौचालय आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख के साथ पुर्व मुखिया डबलु महली, चिकित्सा प्रभारी डॉ जितेंद्र महली, बेएएम मारुति नंदन चक्रवर्ती, बीपीएम शशि भूषण चौबे, बीडीएम कमल कुमार दे, सुरेंद्र महतो, सहिया मालती राय समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## इंजीनियर से हुई थी छिनतई ,पुलिस ने आरोपियो को दबोचा

# छिनतई का एक-एक सामान किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सैमसंग कंपनी के इंजीनियर अनुजीत राय से छिनतई करने वाले तीन अपराधियों को रांची पुलिस ने 45 दिनों के बाद गिरफ्तार कर लिया है।इस मामले में रांची पुलिस ने एक आरोपी को गिरिडीह से जबकि अन्य दो को रांची से गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने लैपटॉप ,मोबाइल और दूसरे समान भी बरमाद किये है ।इस मामले में सबसे अच्छी बात यह रही कि छिनतई गये सभी सामान को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**मुख्य आरोपी गिरिडीह का जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सपोर्ट के जरिये मामले की जांच शुरू की तो लूटे गये मोबाइल का लोकेसन गिरिडीह निकला।**

क्या है मामला : चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि जुलाई महीने में तेज बारिश के बीच सैमसंग कंपनी में कार्यरत इंजीनियर अनुजीत राय स्टेसन रोड से गुजर रहे थे।उस समय जोरदार बारिश हो रही थी , उसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियो ने उनका लैपटॉप बैग झपट लिया और तेजी के साथ फरार हो गए।लैपटॉप बैग में लैपटॉप ,एक मोबाइल के साथ कई एलेक्ट्रॉनिक उपकरण थे ,जिसे उचक्के लेकर फरार हो गए थे।मामले को लेकर पीड़ित अनुजीत राय ने चुटिया थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

तीन गिरफ्तार , मुख्य आरोपी गिरिडीह का जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सपोर्ट के जरिये मामले की जांच शुरू की तो लूटे गये मोबाइल का लोकेसन गिरिडीह निकला।इस मामले में पहली गिरफ्तरी गिरिडीह से मंजीत हजाम को गिरफ्तार किया। मंजीत हजाम के गिरफ्तरी के बाद उसके निशानदेही पर रांची के एक लॉज में रहने वाले विक्की यादव और सालोंन बाडा को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियो के पास से लैपटाप मोबाइल सहित दूसरे सामान भी बरामद कर लिए गये है।तीनो आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर लिया है।

## प्रोफेसर के साथ मारपीट मामले में जांच शुरू

रांची। डोरंडा थाने की पुलिस ने प्रोफेसर मतिउर रहमान के साथ मारपीट किए जाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दानिश मंडू और तसलीम शामिल है। गिरफ्तार दोनों आरोपी डोरंडा इलाके के रहने वाले हैं। वहीं पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि प्रोफेसर के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी दानिश अपने पांच दोस्तों के साथ कार से बंगाल भाग रहा था। इसकी जानकारी डोरंडा पुलिस को मिल गई। मैथन पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। मैथन टोल प्लाजा के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने कार को रोका। कार में बैठे सभी को पुलिस ने पकड़ा। फोटो से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद डोरंडा पुलिस के दानिश समेत अन्य को डोरंडा पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त तसलीम को डोरंडा इलाके से बीती रात छापेमारी कर पकड़ी है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**



चौपारण थाना काण्ड सं0–246/22, दिनांक–22.08.2022, धारा–302/201 के आलोक में चौपारण थाना अन्तर्गत दिनांक–19.08.2022 को सांझा कट जी0टी0 रोड के पास एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया । शव के संबंध में आस–पास के ग्रामणों से पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया परन्तु पहचान नहीं हो सका।

अतः इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी चौपारण/ अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

**सम्पर्क सूत्र :–**

अनु0पु0पदा0 बरही, हजारीबाग :– 6204383385

थाना प्रभारी चौपारण, हजारीबाग :– 7004497415

पुलिस अधीक्षक
हजारीबाग

PR 277415 Police (22-23)_D


# बेड़ो सीएचसी में एक लैब टेक्नीशियन के भरोसे पुरे प्रखंड के गर्भवती महिलाओं का होता है जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड के 17 पंचायत के 84 गांव की गर्भवती महिलाओं को जांच करवाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सीएचसी की जांच लैब में टेक्नीशियन की कमी का खामियाजा यहा के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। महिलाओ को सुबह से घंटों कतार में बैठने के बाद नंबर आता है इससे महिलाओं में रोष व्याप्त है। सीएचसी बेड़ो में प्रत्येक महीने के 9 तारीखों को गर्भवती महिलाओं जांच किया जाता है। जबकि सीएचसी में तीन लैब टेक्नीशियन की जरूरत है। लेकिन अभी मात्र एक ही लैब टेक्नीशियन के भरोसे चल रहा है। ऐसे में जांच कार्य में विलंबता से सुदूरवर्ती गांव से आने वाली महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ती है। एक लैब टेक्नीशियन के चलते कई बार जांचें अधिक होने से अस्पताल बंद होने का समय हो जाता है। ऐसे में मुख्यालय के इस सीएचसी में कम से कम तीन टेक्नीशियन की आवश्यकता है। लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते मात्र एक ही लैब टेक्नीशियन के भरोसे जांच चल रही है। साथ ही अन्य प्रकार की जांच भी इसी लैब टेक्नीशियन के ऊपर है। इससे एक ही टेक्नीशियन को काफी परेशानी होती है। ऐसे में जांच योजना के सुचारू रूप से संचालन तथा जांच रोगियों की सुविधा हेतु प्रयोगशाला में कार्य संपादन के लिए पर्याप्त स्टाफ की जरूरत है। कम से कम दो लैब टेक्नीशियन तो होने चाहिए। लेकिन पूर्व में बेड़ो के एक अन्य लैब टेक्नीशियन को लापुंग सीएचसी में स्थानांतरित किया गया है। जबकि उनके जगह बेड़ो में मात्र एक लैब टेक्नीशियन के होने से प्रखंड के गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
## (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**–:: GeM Portal से क्रय हेतु अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना ::–**

निविदा सं० :– XIII-1/SS/2021-22/294 दिनांक–09/09/2022

रामगढ़ जिलान्तर्गत निर्धन, दिव्यांग, विधवा, भूमिहीन, निःसहाय, वृद्ध, वृद्धा एवं भिक्षुकों के बीच मुफ्त वस्त्र/कम्बल वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्राप्त आवंटन के विरूद्ध जिला स्तर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अधीन GeM Portal से निविदा के माध्यम से कम्बल क्रय किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | ऊनी प्लेन साईज | वजन | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ऊनी कम्बल | 90'' X 60'' | 2.00 कि०ग्रा० (न्यूनतम वजन) | 3''x 3'' Dimension का झारखण्ड सरकार, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, रांची का नया लोगो (LOGO) आपूर्ति किये गये सभी कम्बलों में लगवाना अनिवार्य होगा। |

ऑनलाईन तकनिकी निविदा GeM Portal के वेबसाईट **https://gem.gov.in** पर दिनांक 23.09.2022 (अपराहन 12:30 बजे तक ) तक प्राप्त की जायेगी।

उपरोक्त GeM से क्रय हेतु निविदा के अतिरिक्त आवश्यक शर्तें एवं विस्तृत विवरणी **ramgarh.nic.in** के वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

ह0/
उपायुक्त, रामगढ़

PR 277414 Women, Child Development & Social Security(22-23)#D


# बाइक सवार बुजुर्ग समेत दो घायल, एक रांची रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददपाता**

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड मांडर सड़क विशु भगत महिला मेमोरियल कॉलेज के समीप हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार मांडर नवाटांड जोलहाटोली निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग रोबोट कुजूर पिता स्वर्गीय पौलुस कुजूर व 23 वर्षीय अनुज कुमार कुजूर पिता आनंद किशोर कुजूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना शुक्रवार की संध्या 6:30 बजे की है। जहां घटना के बाद मौके पर पहुंचे बेड़ो थाना गस्ती दल के एएसआई अक्षय कुमार सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार बुजुर्ग समेत दोनों को गाड़ी की व्यवस्था कर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉक्टर एलएन दास ने बाइक सवार दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय बुजुर्ग रोर्बट कुजूर को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। सड़क दुर्घटना में रोबोट कुजूर का बाया हाथ टूट गया है और सर में गंभीर चोटें आई है। इधर घटना के बाद इलाजरत घायल अनुज कुमार किशोर ने बताया कि वे इटकी थाना क्षेत्र के विंधानी गांव मिट्टी देने गए थे। वही देर शाम वापस घर लौटने के दौरान महिला कॉलेज के समीप अज्ञात रिक्शा से उनका बाइक का टक्कर हो गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## नेत्रहीन दुष्कर्म पीड़ित युवती का गर्भपात कराने के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 19 वर्षीय नेत्रहीन रेप पीड़ित युवती का गर्भपात कराने की मांग मामले में दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने मामले में सभी पक्षों को सुनने के उपरांत रिम्स निदेशक को मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिए हैं। बोर्ड को जांच कर 12 सितंबर तक सीलबंद रिपोर्ट अदालत में पेश करने को कहा गया है। राज्य सरकार को युवती को शेल्टर होम जैसी जगह जहां उसकी देखभाल हो सके, वहां शिफ्ट कराने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स निदेशक को निर्देश दिया है कि मेडिकल बोर्ड गठित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि युवती का गर्भपात कराना सुरक्षित है या नहीं। कोर्ट ने युवती की मेडिकल रिपोर्ट सील सील बंद लिफाफे में कोर्ट में 12 सितंबर को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर निर्धारित की गई है। हाई कोर्ट के न्यायाधीश एसके द्विवेदी की कोर्ट ने पीड़िता की क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई की. प्रार्थी के अधिवक्ता के कोर्ट से मामले को लेकर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग के बाद हाई कोर्ट ने यह निर्देश जारी किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दिनों पीड़िता की मेडिकल जांच कराई गई थी, जिसमें पीड़िता के 28 सप्ताह का गर्भ होने की बात बताई गई। पीड़िता नगड़ी थाना क्षेत्र में रहती है। जब वह नाबालिग थी तो वर्ष 2018 में पहली बार उसके साथ रेप की वारदात हुई थी। इससे संबंधित पोक्सो एक्ट के तहत भी मामला निचली अदालत में चल रहा है। दूसरी बार पीड़िता के साथ फिर से रेप की घटना हुई, इसके बाद अभी वह 28 सप्ताह की गर्भवती बताई जा रही है।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय रामगढ़।
(कल्याण शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

रामगढ़ जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, माण्डू एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, गोला, रामगढ़ में वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए खाद्य–अखाद्य सामग्री एवं दो सेट पोषाक, स्कूल बैग, जुता, मोजा, नाईट ड्रेस, ब्लेजर, स्पोंटस् ड्रेस, स्लीपर, अंतःवस्त्र, बेल्ट एवं बैच आपूर्ति करने हेतु संबंधित सामग्रियों की क्रय हेतु निविदा थोक एवं खुदरा निबंधित/पंजीकृत विक्रेताओं/निर्माताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते तथा सामग्रियों की सूची कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं जिला के वेबसाइट **www.ramgarh.nic.in** में देखी जा सकती है।

निविदादाता मुहरबंद लिफाफे में निविदा जिला कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में दिनांक–22.09.2022 को 1.00 बजें अपराह्न तक जिला कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में जमा कर सकते है तथा उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में गठित क्रय समिति के समक्ष निविदा, निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थति में खोली जाएगी।

प्रत्येक निविदाता को निविदा द्विलिफाफा प्रणाली के अन्तर्गत तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में सभी कागजात स्वहस्ताक्षर युक्त देना आवश्यक होगा। तकनीकी बीड में सभी शर्तो को पूरा करने वाले निविदादाता का ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,
रामगढ़।

PR 277349 (Welfare) 22-23 (D)

## न्यूज गैलरी

### स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत चिकित्सा अनुदान शिविर का आयोजन

**बसिया ।** आगामी बारह सितंबर को पंचायत भवन कुम्हारी में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत चिकित्सा अनुदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए बसिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया प्रातः दस बजे से आयोजित होने वाले इस कैम्प के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि ऑन द स्पॉट लाभ लेने के लिए सम्बंधित लाभार्थी को चिकित्सा प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र,राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड या गरीबी रेखा से सम्बंधित आय प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ेगी। इसी तरह कोरोना के पूर्व पीड़ितों के लिए कोविड जांच रिपोर्ट की अभिप्रमाणित प्रति लेकर आने की सलाह भी जारी की गई है।

### मांडर से शव मिलने से सनसनी

**मांडर।** शुक्रवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब मांडर थाना क्षेत्र के मलटोटी – ब्राम्बे के बीच स्थित बड़ा पुल के नीचे एक अज्ञात शव बरामद किया गया ।थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधियों के द्वारा दूसरी जगह हत्या कर शव को छुपाने के नीयत से पुल के नीचे फेंक दिया गया है. मामले की जानकारी मिलने के बाद मांडर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की तस्वीर लेकर सभी थानों एवं मीडिया में उसे भेजा गया है ताकि उसकी पहचान हो सके.थाना प्रभारी ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया है और घटना के संबंध में जानकारी में एकत्र कर रहें हैं ।समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### पेट्रोल छिड़क कर युवक को जिंदा जलाने का प्रयास



**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर के चित्तविश्राम गांव में भी पेट्रोल छिड़क कर युवक को जिंदा जलाने का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की शाम करीब सात बजे की है। इस घटना में दीपक सोनी 37 वर्ष नामक युवक बुरी तरह से झुलस गया है। जख्मी दीपक सोनी ने बताया कि कसमुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आगजनी की घटना में युवक का सर और चेहरा बुरी तरह से जल गया है। घटना के बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिये आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल में लाया गया। जहां से उसे गढ़वा रेफर कर दिया गया है। उधर घटना की सूचना मिलने पर थाना पर प्रभारी योगेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की तथा जख्मी युवक से घटना की जानकारी ली। कसमुद्दीन की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### कुडू में अतिक्रमण हटाने का लोगों द्वारा विरोध के बाद 48 घंटे की मिली मोहलत

**कुडू – लोहरदाग।** कुडू बाजार टांड स्थित झखरा में शुक्रवार को केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव और पूर्व पंचायत समिति सदस्य की अगुवाई में स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमे अतिक्रमण हटाने के निर्देश को लेकर विशेष चर्चा हुई। लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने बताया कि विरोध के बाद 48 घंटे की मोहलत दी गयी है। आगे प्रशासन का जो भी निर्देश होता है उसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। गौर तलब है कि अतिक्रमण वाद संख्या 1/2022-23 एवं 2/2022-23 में पारित आदेश के आलोक में 9 सितंबर को बल पूर्वक अतिक्रमण हटाने हेतु कुडू सीओ प्रवीण सिंह ने एसडीओ को पत्र लिख प्रयाप्त संख्या में महिला एवं पुलिस बल की मांग की गई थी। जिसके बाद आजसू के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव के नेतृत्व में दो दर्जन प्रभावित महिला पुरुष लोहरदगा उपायुक्त से मिलकर कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई थी।

### त्रिदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कोलेबिरा।** प्रखंड के अंतर्गत लचड़ागढ़ कोम्बाकेरा में खेल समिति कोम्बकेरा द्वारा स्व० तिलेश्वर साहू की स्मृति में महादेव टंगरा टांड कोम्बकेरा में आज से त्रिदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है ।वहीं मैच का शुभारंभ लचड़ागढ़ पंचायत के भूतपूर्व मुखिया जेराल्ड एक्का द्वारा फुटबॉल को किक मारकर किया गया। जहां सुमित ब्रदर्स कोम्बाकेरा बनाम झरना क्लब सेमरटोली सिजांग के मध्य उद्घाटन मैच खेला गया जहां सुमित ब्रदर्स कोमबाकेरा ने 2-0से जीत हासिल की वहीं भूतपूर्व मुखिया जेराल्ड एक्का ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना है, अनुसाशन में रहकर खेलना है ताकि खेल सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इनके द्वारा यह भी कहा गया कि इस खेल को आयोजन करने में कोम्बकेरा खेल समिति का अहम् भूमिका है खेल समिति में अध्यक्ष छटन कुमार साहू सचिव आनंद किशोर नाग संरक्षक बसंत साहु कोषाध्यक्ष अजीत साहू उपाध्यक्ष महेश साहू उप सचिव महावीर साहू उप कोषाध्यक्ष बजरंग साहू एवं सदस्य धनेश्वर साहू, अशोक साहू, क्लेश साहू,वेदव्यास साहू, रोहित साहू ,गिरीश साहू, दिलबंर साहू ,पवन साहू, पूजार साहू सुरेंद्र साहू के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कूटी सवार युवक ने 108 एंबुलेंस चालक की पिटाई की, प्राथमिकी दर्ज

**लोहरदगा।** आपातकालीन सेवा से जुड़े 108 एंबुलेंस चालक के साथ कथित तौर पर मारपीट करने के मामले को लेकर पीड़ित चालक कृष्णा साहू द्वारा सदर थाना में स्कूटी सवार युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। मामले को लेकर पुलिस अनुसंधान शुरू कर दिया है। इस संदर्भ में 108 के वाहन चालक कृष्णा साहू ने बताया कि शुक्रवार सुबह रांची रिम्स से मरीज को छोड़कर लौट रहा था लोहरदगा अपर बाजार मेन रोड मे स्कूटी सवार से एंबुलेंस टच हो गया जिससे स्कूटी का बैक मिरर टूट गया इससे स्कूटी सवार युवक बौखला गया और एंबुलेंस वाहन को रोककर एंबुलेंस चालक की गंभीर पिटाई कर दिया। इससे एंबुलेंस चालक कृष्णा साहू घायल हो गया। मौके पर स्कूटी चालक युवक बलपूर्वक मोबाइल भी छीनने का प्रयास किया। घटना से एंबुलेंस चालक घटना से मर्महात होकर लोहरदगा सदर थाने में लिखित शिकायत किया है। कार्रवाई नहीं होने पर 108 के सभी एंबुलेंस चालकों द्वारा आंदोलन करने की बात पीड़ित कृष्णा साहू ने कहा, फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

---

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने जमशेदपुर परिसदन में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# पिछड़ी जाति से जुड़े मामलों का करें त्वरित निष्पादनः राजेन्द्र

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद जमशेदपुर पहुंचे और पिछड़ी जातियों से जुड़े कई मामले को लेकर परिसदन में जिला उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, उप विकास आयुक्त श्री प्रदीप प्रसाद, एसडीएम धालभूम श्री संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त श्री सौरभ सिन्हा, एसडीएम घाटशिला श्री सत्यवीर रजक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों/प्रखंड विकास पदाधिकारियों/अंचलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आयोग के सदस्य ने पदाधिकारियों से यह जानना चाहा कि पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का आंकड़ा जिले में संग्रहित है अथवा नहीं, प्रखण्ड वार उन्हें डाटा उपलब्ध कराया गया। बैठक में श्री प्रसाद ने ओबीसी, एससी/एसटी/ का जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र तुरंत निष्पादन करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रखंडवार में अब तक प्राप्त आवेदन, निर्गत प्रमाण पत्र व रद किए गए आवेदनों और उसके कारणों के संबंध में जाना। इस दौरान लगभग सभी अंचलाधिकारियों ने आवेदन के समय जरूरी दस्तावेज संलग्न नहीं होने के कारण आवेदन रद करने की बात कही। इस पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री राजेंद्र प्रसाद ने अंचलाधिकारियों को कहा कि राज्य के भगौलिक स्थिति को समझना होगा। यहां के लोग काफी सीधे व सरल स्वभाव के हैं। अधिकारी झ अधिकारी की तरह नहीं बल्कि सेवा भाव से काम करें। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों में कोई दस्तावेज अपूर्ण है, उसके आवेदक से संपर्क कर दस्तावेज की मांग करें और उसका प्रमाण पत्र निर्गत करें। समीक्षा क्रम में उन्होंने जानकारी ली कि समय पर आवासीय और जाति प्रमाण पत्र बनता है या नहीं। इस पर अंचलाधिकारियों ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र ससमय निर्गत किया जाता है। सभी अंचल अधिकारियों ने इस बाबत अपनी - अपनी रिपोर्ट भी सौंपी।

#### मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना के प्रगति की जानकारी ली

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने कल्याण विभाग द्वारा एससी/एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इसका प्रचार झ प्रसार कराने का निर्देश दिया। राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के जाति झ आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए संचालित अभियान की प्रगति की भी जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त की। उन्होंने जिले के पिछड़े वर्गों को केसीसी, पीएम आवास, अंबेदकर आवास आदि योजनाओं में क्या स्थिति है इसकी भी समीक्षा की और जरूरी दिशा झ निर्देश दिए। उल्लेखनीय हो कि, झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से ओबीसी वर्ग ने आयोग को आवेदन दिया है और बताया है कि ओबीसी का आवासीय जाति प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनने के कारण सरकारी नौकरी एवं विद्यालय, महाविद्यालय के नामांकन के लिए जो विज्ञापन निकलता है उसमें पिछड़ी जाति के लोग एवं छात्र छात्राएं समय पर आवेदन नहीं कर पाते हैं। इससे नौकरी और नामांकन से पिछड़ी जाति के लोग वंचित रह जाते हैं। इसलिए उन्होंने इस कार्य को अंचलाधिकारियों से गंभीरता से लेने और लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने की बात कही। उन्होंने कई जरूरी दिशा झ निर्देश दिया।

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## लैब सहायक परीक्षा की अर्हता को ले छात्र उतरे सड़क पर, किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा निकाली गई पोस्ट ग्रेजुएट शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन में कला और वाणिज्य संकाय के सभी विषयों को नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं किए जाने से छात्र नाराज हैं। छात्रों का मानना है कि झारखंड में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में छात्र विभिन्न विषयों में बीएड में प्रशिक्षण लेते हैं। झारखंड में ही लाखों की संख्या में ऐसे छात्रछात्राएं हैं, जिन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने का अवसर नहीं मिल पाएगा। हजारों छात्र ऐसे हैं जिनकी अधिकतम आयु सीमा भी समाप्त होने को है। इसके अलावा जेएसएससी द्वारा जो प्रयोगशाला सहायक की बहाली निकाली गई है। उसमें कुछ त्रुटियों के चलते लाखों अभ्यर्थी फॉर्म नहीं भर पाएंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्लस टू एवं हाईस्कूल में लैब सहायक की बहाली के लिए जो विज्ञापन निकाला गया है। उसमें जिस तरह की अर्हता रखी गई है। उससे छात्र बेहद नाराज हैं। जिसके विरोध में आज कचहरी चौक से राजभवन तक अनइम्प्लाइड यूथ स्ट्रगल कमिटी के बैनर तले छात्रों ने रोड मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। इन छात्रों का कहना है कि कुछ त्रुटियों के चलते लाखों छात्र फॉर्म नहीं भर पाएंगे। इसकी बड़ी वजह यह है कि नियमावली के अनुसार किसी भी दो विषय में 50प्रतिशत अंक अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जिनके ऑनर्स विषय फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी में 50 प्रतिशत है तो भी यदि सब्सिडियरी विषय में 50प्रतिशत अंक नहीं है तो वे फॉर्म नहीं भर पाएंगे। सेमेस्टर प्रणाली में बहुत सारे ऐसे विद्यार्थी हैं। जिनका ऑनर्स फिजिक्स केमेस्ट्री बायोलॉजी में है। परंतु दो सब्सिडियरी के विषय यह नहीं हैं तो ऐसे विद्यार्थी भी फॉर्म भरने से वंचित रह जाएंगे।

---

### उपायुक्त ने समाहरणालय में किया ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा, कहा

## मनरेगा कार्य में बेहतर सुधार व प्रगति लाने की आवश्यकता

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, आम-बागवानी योजना, अमृत सरोवर, नीलांबर-पीतांबर योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, पशुधन योजना, मनरेगा जियो टैग, जॉब कार्ड सत्यापन, आधार सिडिंग, एरिया ऑफिसर एप्प, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, टाईमली पेमेन्ट, मानव दिवस सृजन में एस.टी एवं एस.सी की भागीदारी एवं महिलाओं की भागीदारी, कुआँ निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, 15वें वित्त सहित प्रखण्ड अन्तर्गत धरातल पर क्रियान्वित योजनाओं एवं कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। सभी प्रखण्ड का ऑभर ऑल मनरेगा रैकिंग पर प्रकाश डाला गया। केरसई प्रखण्ड अन्य प्रखण्डों के मुकाबले मनरेगा में प्रथम स्थान पर रहा। उपायुक्त ने कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपस्थित सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से कहा कि प्रखण्डों में मनरेगा अन्तर्गत कार्य में बेहतर सुधार एवं प्रगति लाने की आवश्यकता है। कोलेबिरा प्रखण्ड अन्तर्गत मनरेगा के तहत गांव में तीन योजना संचालित होते पाया गया। उपायुक्त ने प्रत्येक गांव में 5 योजना सुचारू रूप से संचालित करते रहने का निर्देश दिया। बानो, कोलेबिरा, ठेठईटांगर, पाकरटांड़ एवं सिमडेगा प्रखण्ड अन्तर्गत मनरेगा कार्य में कम प्रगति पाई गई। उन्होने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित सरकार की योजनाओं एवं कार्यों का ससमय निर्वाह्न सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्य प्रगति के इन्डीकेटर में सुधार न होने पर बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक को कारणपृच्छा करने का निर्देश दिया। एक सप्ताह में लंबित कार्यो को पूर्ण एवं कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। मनरेगा के कार्यों के सफल क्रियान्वयन से संबंधित पंचायत सचिव, बीपीओ, रोजगार सेवक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण हेतु स्थल चयन की स्थिति को देखते हुए दूसरे स्थान पर केन्द्र निर्माण का प्रस्ताव 5 दिनों में समर्पित करने का निर्देश दिया। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर योजना अन्तर्गत जियो टैग एवं प्रथम किस्त की राशि का भुगतान शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। उन्होने 15वें वित्त अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की भी समीक्षा की। ससमय संचालित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

---

## महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में नेशनल कौंसिल फॉर वूमेन्स लीडर ने निकाला न्याय मार्च

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** सिमडेगा में नेशनल कौंसिल फॉर वूमेन्स लीडर,खतियान बचाओ-जमीन बचाओ संघर्ष समिति एवं नेशनल फेडरेशन आफ इंडियन वूमेन के तत्वाधान में शुक्रवार को झारखंड राज्य में महिलाओं पर हो रहे यौनिक हिंसा , हत्याओं के विरोध में न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में शामिल युवक-युवतियों ने पीड़ितों को सुरक्षा, पुर्नवास और मुआवजा की माँग, स्टॉप रेप, स्टॉप वॉइलेंस,हालिया घटनाओं में अंकिता सिंह के आरोपी, दुमका की नाबालिग की हत्या, जामताड़ा की 08 वर्षीय बच्ची के हत्यारे रंजीत हांसदा की गिरफ्तारी, काजल कुमारी के अपराधी , नरकोपी में नाबालिग से बलात्कार करने वाले अपराधी,खूँटी की दुष्कर्म के घटना के आरोपी महिलाओं के हत्यारों तथा बलात्कारियों को कठोर से कठोर सजा दो के के नारे लगाए, सरकार से रेप एवं हिंसा रौकने के लिए कठोरतम कानून बनाने की माँग की है। नेशनल कौंसिल फॉर वूमेन्स लीडर की सदस्य अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि

अगस्त माह झारखंड में महिलाओं के लिए बेहद खराब रहा, अंकिता सिंह, पेलोंग बानरा, दुमका की नाबालिग लड़की की मृत्य ने दहला दिया है। लगातार हो रही नाबालिगों पर यौनिक हिंसा की घटनाओं से समाज भी शर्मशार हुआ है।अतः हमें समाज के तौर पर सभी महिलाओं की सुरक्षा और रक्षा के लिए मिलकर काम करने चाहिए। कौसिंल की तरफ से राष्ट्रीय महिला आयोग, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा डीजीपी झारखण्ड पुलिस को ज्ञापन भी सौंपा गया है। खतियान बचाओ,जमीन बचाओ संघर्ष मोर्चा के निल जस्टिन बेक एवं मेरी भैलेट बाः ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। तारामनी साहू , निशा देवी, सुमंती डाँग, अनूपमा कुजूर, पिंकी देवी, सुनीता बाड़ा , अनस आलम आदि शामिल रहे।

---

## प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम का कोनमेरला में हुआ सीधा प्रसारण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान का लॉन्चिंग राष्ट्रपति महामहिम द्रोपती मुर्मु के हाथों से किया गया इस कार्यक्रम का पंचायत सचिवालय कोनमेरला में वेबकास्टिंग के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य बातें टीबी उन्मूलन कार्य में सक्रिय भूमिका निर्वाहन हो सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरीय चिकित्सा परीक्षकों को लगाया गया है ताकि जिले से टीवी उन्मूलन हो सके एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना 2025 तक टीवी मुक्त भारत सरकार हो सके। इस कार्यक्रम में जलडेगा के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सोनू कुमार, रळछर अजरस लकड़ा एवं सीएचओ नीलिमा सोरेंग द्वारा व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है ताकि टीवी मरीजों को बेहतर देखभाल पोषणयुक्त आहर मिल सके एवं जलडेगा टीवी मुक्त हो सके। इस कार्यक्रम में मुखिया अनिमा तोपनो, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य अर्जुन होरा, राजेश सिन्हा, सहिया, सहिया साथी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

---

### डीपीएस रांची में सम्मान समारोह का आयोजन

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ 2021-2022 बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विकास विभागए झारखंड के सचिव श्री राजेश कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागतगान के साथ हुई। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ राम सिंह ने मुख्य अतिथि को सादर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस पावन अवसर पर 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 285 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। मुख्य अतिथि श्री राजेश कुमार शर्मा ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें अपने ज्ञानभरे आशीर्वचनों से प्रेरित किया।

---

### आदर्श सरना समिति की ओर से होचर में लगा करम इंद जतरा

## आदिवासी एकता का प्रतीक है इंद जतरा : नेहा शिल्पा

नवीन मेल संवाददाता



**रातू।** प्रखंड के होचर टिकरा में शुक्रवार को आदर्श सरना समिति की ओर से करम इंद जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत की अध्यक्षता में आयोजित जतरा में झारखंड समेत उड़ीसा छत्तीसगढ़, बंगाल, लातेहार, नेपाल आदि जगहों से खोड़हा टीमें शामिल हुये और नृत्य, गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रातू, मांडर, बेड़ो, लापुंग, बुढ़मू, खलारी, नगड़ी, कांके से सौ से भी अधिक टीमो ने हिस्सा लिया। खोड़हा टीमो को आदर्श सरना समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। समारोह में रांची डीसी राहुल कुमार सिंहा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां उपस्थित भीड़ स्व बीरेन्द्र भगत के दिलो में रचे बसे है। उनके द्वारा किये गये शिक्षा स्वास्थ्य की कार्य व आपसी प्रेम भाईचारा में अभूतपूर्व भूमिका निभाते थे। जतरा में मांडर विधायक नेहा शिल्पा तिर्की व पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की भी उपस्थित हुये। उन्होंने इंद जतरा महोत्सव को आदिवासी एकता का प्रतीक बताते हुये कहा कि हमारी भाषा व संस्कृति अनोखी है। हमे पूर्वजो के इस धरोहर को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर ही हम अपने पूर्वजो के धरोहर व संस्कृति के बचा पाएंगे ।जतरा को नामकुम जिप सदस्य राम अवतार वह रीटा होरो आजसू नेता भरत काशी नगरी जिप सदस्य पूनम देवी इटकी जिप सदस्य रीना देवी प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर कमरुल हक, जेएमएम नेता धर्मेंद्र से , रातू प्रखंड प्रमुख संगीता देवी , कैलाश उरांव आदित्य तिर्की, आजम अंसारी, चिंटू मिश्रा, महफूज आलम, वरुण उरांव आदि लोगों ने संबोधित किया । कार्यक्रम की सफलता में कार्यक्रम आयोजक कमेटी का अहम भूमिका रहा। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये थे। इसकी कमान थानेदार आभाष कुमार ने संभाली।

---

## आर्थिक तंगी में मां ने कुएं में कूदकर दे दी जान, बेटे ने भी लगा ली फांसी

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले के झरिया थाना क्षेत्र फुलारीबाग में शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों के लिये दुःखद रही। यहां रहने वाली 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। वहीं बुजुर्ग महिला का 55 वर्षीय पुत्र ने फांसी के फंदे में झूलकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि दोनों की आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी है। शुक्रवार की सुबह जब स्थानीय लोगों को मां -बेटे की मौत की खबर मिली तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोग इसपर विश्वास नहीं कर पा रहे थे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना झरिया पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मां के शव को कुएं से बाहर निकलवाया। वहीं बेटे के शव को फंदे से नीचे उतारा गया। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक 55 वर्षीय तारापदों नंदी जीवन यापन के लिये फेरी का काम करता था। इसी से पूरे परिवार भरण पोषण होता था। दो दिन पहले पत्नी और बच्चे से कोई विवाद हुआ था। इसके बाद पत्नी, बच्चे कहीं चले गए थे। इस कारण से भी मां-बेटे परेशान रह रहे थे। मां- बेटे की आत्महत्या को लेकर मृतक के रिश्तेदार ने कहा कि परिवार में कुछ आपसी विवाद था। साथ ही आर्थिक स्थित अच्छी नहीं थी। शायद इसी कारण से दोनों ने आत्महत्या कर ली होगी।वहीं स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग मां- बेटे की आत्महत्या को लेकर कहा कि आर्थिक तंगी से ये लोग जूझ रहे थे। वहीं दो दिन पहले मृतक पुत्र तारापदो नंदी की पत्नी और बच्चे आपस में विवाद के बाद कही चले गए थे।

# न्यूज गैलरी

## दिव्यांग बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन



रांची। दीपशिखा नामक दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूल में एकल युवा रांची द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। एस दौरान बच्चों द्वारा अधभूद कलाकृतियां बनाई गईं। हर एक बच्चे में हूनर और समझ की एक अलग प्रक्रिया झलक कर आ रही थी। हर एक के चहरे पे एक मासूमिया और जिंदगी को जीने की उत्साह झलक रही थी। प्रतियोगिता के विपरीत, विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ हर बच्चे को प्रमाण पत्र और तहफों से नवाजा गया। एकल युवा रांची से विशेष केडिया, अर्पित रूंगटा, अंकिता सिंह, पूजा बगडिया एवं शीतल जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इन बच्चों के साथ समय बिता कर युवाओं ने जिंदगी को करीब से देखा और उनके लिए यह एक बहुत ही अधबुध अनुभव और यादगार दिन रहा।

## अमिताभ कुमार गुप्ता बने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष



रांची। झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के नये अध्यक्ष अमिताभ कुमार गुप्ता को बनाया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। गुप्ता झारखंड हाईकोर्ट मे न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त है। अध्यक्ष पद ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष के लिए या 65 वर्ष की अधिकतम उम्र, जो पहले हो, तक की अवधि के लिए वह पद धारण करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार 2020 से ही आयोग अध्यक्षविहीन था। ऐसे में नये अध्यक्ष बहाल होने से आयोग के कामों में तेजी आयेगी। पिछले महीने राज्य सरकार की ओर से सदस्य तकनीकी और सदस्य विधि पद पर नियुक्ति की गयी। जिसमें इंजीनियर अतुल कुमार सदस्य तकनीकी और रिटायर्ड जज महेंद्र प्रसाद सदस्य विधि बनाये गये हैं। संभावना जताई जा रही है कि नए अध्यक्ष की नियुक्ति होने के बाद अब जल्दी ही राज्य में बिजली के नए दरों का निर्धारण किया जा सकता है। इनके पदभार ग्रहण के साथ ही आयोग में प्रक्रिया शुरू हुई। जानकारी हो कि पूर्व में साल 2020 में अध्यक्ष और फिर साल 2021 में सदस्य पद खाली हुआ। जिससे दो साल तक आयोग डिफंक्ट रहा।

## पूजा के दौरान सुरक्षा इंतजाम करने का आग्रह

रांची। दुर्गा पूजा के दौरान श्री दुर्गा पूजा समिति ने विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों से शुक्रवार को मुलाकात की। समिति प्रतिनिधियों ने शहर के उपाधीक्षक दीपक कुमार और कोतवाली के डीएसपी प्रकाश सोय को पुष्पगुच्छ व चुनरी भेंटकर उनका सम्मान किया। सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों से सभी पंडालों व समिति से जुड़े पूजा आयोजन की सुरक्षा पुख्ता करने का आग्रह किया। आयोजन से लेकर शोभायात्रा विसर्जन तक इसके लिए समुचित सुरक्षा की मांग की। इसमें समिति के संरक्षक कुश अग्रवाल, अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, कार्यकारणी अध्यक्ष राहुल सिंह, उपाध्यक्ष मनीष सेठी, नवीन गुप्ता आदि शामिल थे।

## आयुष्मान की राशि अस्पतालों को न देने पर लगाई याचिका

रांची। राज्य में आयुष्मान योजना से जुड़े अस्पतालों को बकाया का भुगतान नहीं होने और राशि को समायोजित करने में हो रहे विलंब की जांच के लिए झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। अशोक मिश्र की इस याचिका में कहा गया है कि योजना से जुड़े अस्पतालों को बकाया राशि लंबे समय से नहीं दी जा रही है। ऐसे में कई अस्पताल योजना के तहत इलाज नहीं कर रहे। इस तरह गरीब लोग परेशान हो रहे हैं। याचिका में कहा है कि अस्पतालों से भेजे गए दावे को भी लटकाया जा रहा है। अदालत से इसमें जांच कराने का आग्रह किया गया है ताकि आम लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।

### खरीफ चारा फसल दिवस का आयोजन, हरा चारा फसल को बढ़ावा देने पर दिया बल

# पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी है : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को खरीफ चारा फसल दिवस मनाया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने की। संबोधन में कहा कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी है। पशु आहार में हरा चारा के समावेश से पशुओं के दुग्ध उत्पादन क्षमता एवं पशु उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ जाती है और शारीरिक वृद्धि तेजी से होती है। पशु आहार में सुखे चारे एवं दाने के साथ हरा चारा का समुचित प्रयोग करनी चाहिए। झारखण्ड के मात्र एक प्रतिशत भूमि में चारा फसल की खेती होती है। राज्य में पशुओं के लिए करीब 45 प्रतिशत हरा चारे तथा करीब 55 प्रतिशत पशु आहार की कमी है। देश की दुग्ध उत्पादन क्षमता 3 किलो की अपेक्षा प्रदेश की दुग्ध उत्पादन क्षमता 1.5 से 2 किलो मात्र है। हरे चारे के सेवन से इसे बढाया जा सकता है। वैज्ञानिक प्रबंधन से हरा चारा फसल की खेती को बढ़ावा देकर प्रदेश में सालों भर हरा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। इससे प्रदेश की बहुतायत आबादी विशेषकर ग्रामीण आबादी की पोषण एवं आजीविका सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। विशिष्ट अतिथि ग्रामीण एसपी, रांची नौशाद आलम ने कहा कि कोविड-19 आपदा में भी जीवन सुरक्षा एवं जीविका का कृषि सबसे मजबूत सहारा रहा। प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था में पशु धन का विशेष योगदान है। मुख्य फसल खेत के चारों तरफ हरा चारे फसल की खेती से पशुओं से फसलों की सुरक्षा आसानी से करते हुए हरा चारा भी प्राप्त कर सकते है। स्वच्छ दूध एवं स्वच्छ पशु उत्पाद हेतु किसानों द्वारा हरा चारा के प्रयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। अपर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने कहा कि पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाये रखने में हरे चारे की विशेष उपयोगिता है। इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर), नई दिल्ली के निर्देश पर आज पूरे देश खरीफ हरा चारा दिवस मनाया जा रहा है।



> प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था में पशु धन का विशेष योगदान है। मुख्य फसल खेत के चारों तरफ हरा चारे फसल की खेती से पशुओं से फसलों की सुरक्षा आसानी से करते हुए हरा चारा भी प्राप्त कर सकते हैं।

# साइबर अपराधियों से साइबर हेल्पलाइन ने वापस कराए 55.63 लाख

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में साइबर अपराधियों पर लगाम करने में साइबर हेल्पलाइन काफी मददगार साबित हो रहा है। मार्च से अगस्त 2022 के बीच साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कुल 3142 शिकायतें आयीं, जिस पर कार्रवाई करते हुए अबतक 55 लाख 63 हजार 634 रुपये की राशि ब्लाक कर वापस करायी गई है। राज्य में सीआईडी के अधीन साइबर हेल्पलाइन 1930 सक्रिय है। राज्य सीआईडी के मुताबिक, भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने नागरिक वित्तिय धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया था। इसके अंतर्गत ही साइबर अपराध की शिकायत 1930 पर की जा सकती है। शिकायत होने पर 1930 के द्वारा तत्काल ट्रांजेक्शन को ब्लॉक कराया जाता है।




**कब-कब कितनी राशि कराए ब्लाक :** आंकड़ों के मुताबिक, माच महीनें में साइबर ठगी के 96 कॉल पर 2.45 लाख, अप्रैल महीने में 504 कॉल पर 7.40 लाख, मई महीनें में 510 कॉल पर 6.53 लाख, जून महीने में 645 कॉल पर 11.42 लाख, जुलाई महीने में 682 कॉल पर 2.17 लाख व अगस्त महीने में 705 कॉल पर 25.63 लाख रुपये साइबर हेल्पलाइन ने ब्लाक कराए। इस तरह यह राशि साइबर अपराधियो के पास जाने से बच गई।

# सीनियर डिवीजन फुटबॉल: मेकॉन इरबा, संत जॉन, सेरसा सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग के सेमीफाइनल में मेकॉन, इरबा, संत जॉन व सेरसा की टीम ने खेलने का स्थान पक्का कर लिया। शुक्रवार को खेले गए तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में मेकॉन ने दुबलिया को और चौथे क्वार्टर फाइनल में इरबा ने एकम्बा को पराजित किया। हटिया रेलवे ग्राउंड में खेला गया पहला मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मेकॉन जैसी मजबूत टीम को दुबलिया के खिलाड़ियों ने खूब परेशान किया। खेल खत्म होने तक मेकॉन ने गोल करने को लेकर कई मूव बनाएं। लेकिन दुबलिया के आगे बेबस हो गए। अंत तक दुबलिया ने मेकॉन को गोल करने नहीं दिया। मैच टाइब्रेकर में चला गया। लेकिन यहां मेकॉन की टीम ने 4-2 से मैच अपने नाम कर लिया। वहीं, दूसरे मुकाबले में इरबा ने आसानी से एकम्बा को 3-1 से हराया। पहला गोल 23वें मिनट में शैलेश कुमार ने किया। 44वें मिनट में कृष्ण मुंडा और 60वें मिनट में अमित खलखो ने दागा। एकम्बा की तरफ से एक्मात्र गोल अतिरिक्त समय के 72वें मिनट में तफ़्सीर ने किया। 11 सिंतबर को पहला सेमीफाइनल मैच 1 बजे से संत जॉन और सेरसा के बीच खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला दिन के 2.30 बजे से इरबा और मेकॉन के होगा।

## कक्षाओं के नियमित संचालन के लिए कॉलेजों का औचक निरीक्षण करेंगे कुलपति

**रांची।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार ने राज्य के सभी विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र जारी कर विवि और कॉलेजों में नियमित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने को कहा है। इस संबंध में सचिव की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि विभाग को ऐसी शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं, जिसमें अंगीभूत कॉलेजों में शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण कक्षाओं का नियमित संचालन नहीं हो पाता है। शिक्षक निर्धारित समय पर संस्थान नहीं पहुंचते हैं और उनकी अनुस्थिति के कारण कक्षाएं सही तरीके से नहीं चल रही हैं। पत्र में कहा गया है कि विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक और कर्मचारी कॉलेज में समय पर उपलब्ध नहीं रहते हैं।

# पौष्टिक भोजन के साथ-साथ व्यायाम भी करें : डॉ. निराला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विगत गुरुवार को द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलौंग एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संयुक्त तत्वावधान में हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.एस.के.निराला के अध्यक्षता में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन द्वारिका हॉस्पिटल में हुआ। शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि कांके विधान सभा के विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार, चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं डॉक्टर निराला ने दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एंटोनी किस्कू,डॉ.गणेश कुमार सिंह एवं डॉ. प्रमोद कुमार ने 59 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की एवं उन्हें खान-पान रहन-सहन की परामर्श भी दिए। मौके पर डॉ. निराला ने कहा पौष्टिक भोजन के साथ साथ व्यायाम भी करें साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जाने वाली सारी सुविधाओं को भी बतलाया।शिव किशोर शर्मा ने ने शिविर में उपस्थित मरीजों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आग्रह किया,उन्होंने कहा बाबासीर,पथरी सहित कई बीमारियों का आप्रेशन इस कार्ड के माध्यम से निःशुल्क होता है इसका लाभ उठाएं।मरीजों के बीच मास्क,सैनिटाइजर,बैंडेज डिटॉल आदि सुरक्षा कीट वितरण कर कार्यक्रम की समापन हुई।धन्यवाद ज्ञापन हॉस्पिटल के जनसंपर्क अधिकारी देवा पासवान ने किया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से मनीष भारद्वाज, सिस्टर शांति खलखो, जयंती कुमारी, सुषमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, परशुराम कुमार मेहता, अंसी कुमारी, सोनाली खलखो, सूरज कुमार, सुलेखा टूटी, प्रमिला हंसदा, पुष्पा लिंडा, मधु कुमारी, शीतल कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# नये हाईकोर्ट परिसर में पर्याप्त चैंबर न मिलने पर वकीलों में रोष



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के नए परिसर में वकीलों को पर्याप्त चैंबर नहीं मिलने पर उनका आक्रोश बढ़ गया है। हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने इसके लिए आंदोलन का निर्णय लिया है। 12 सितंबर को एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं, शुक्रवार को हुई एडवोकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में मांग पूरी नहीं होने तक वकीलों ने नए हाईकोर्ट परिसर में नहीं जाने का निर्णय लिया। एसोसिएशन ने कहा कि नए हाईकोर्ट परिसर में सिर्फ 500 वकीलों के लिए चैंबर की व्यवस्था है। इसे बढ़ाकर 1500 करने के लिए झारखंड सरकार व हाईकोर्ट की बिल्डिंग कमेटी को कई पत्र लिखे गए, लेकिन विचार नहीं किया गया। हालांकि सरकार ने संशोधित डीपीआर में इसकी व्यवस्था करने का भरोसा दिलाया था। लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ है। हाईकोर्ट के नए परिसर में वकीलों को पर्याप्त चैंबर नहीं दिए जाने के विरोध में वकीलों ने पहले भी आंदोलन किया था। सफेद बिल्ला लगाकर वकीलों ने काम किया गया था। इसके बाद आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन स्थगित किया गया था।

### मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा के दूसरे यूनिट का हुआ उद्घाटन

# जीवन कब समाप्त हो जाएगा इसकी कोई गारंटी नहीं, समाज की सेवा करते रहें : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा अपनी द्वितीय अन्नपूर्णा सेवा यूनिट तिरुपति बालाजी मंदिर के सामने का उद्घाटन रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, तिरुपति बालाजी मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष श्री राम अवतार नारसरिया, समाजसेवी प्रदीप नारसरिया एवं पार्षद सोनी परवीन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी अतिथियों ने मंत्रोच्चारण के बीच फीता काट कर तथा नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। ततपश्चात स्व० सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व० शारदा देवी नारसरिया के फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की। आज लगभग 300 लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में सभी आगंतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द्र अग्रवाल ने कहा कि भूखे को भोजन तथा मानवता की सेवा का क्रम लगातार जारी रहेगा। उन्होंने तिरुपति बालाजी मंदिर प्रबंधन एवं नारसरिया परिवार के प्रति सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित अन्नपूर्णा सेवा स्वर्ण भूमि के बगल में विगत 5 माह से सफलतापूर्वक लगातार संचालन किया जा रहा है। उपमहापौर श्री संजीव विजयवर्गीय ने अन्नपूर्णा सेवा की सराहना करते हुए हर तरह से सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद श्री संजय सेठ ने अन्नपूर्णा योजना की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जीवन कब समाप्त हो जायेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है अतः प्रत्येक व्यक्ति को समाज की सेवा में यथसंभव योगदान देना चाहिए। नर सेवा नारायण सेवा है उन्होंने कहा कि रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन बहुत अच्छा कार्य कर रहा है और अपनी ओर से हर तरह के सहयोग का वचन दिया। उन्होंने मारवाड़ी सहायक समिति को मोक्ष वाहन देने तथा नया मुक्ति धाम बनाने हेतु आर्थिक सहयोग की घोषणा की।





### राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# प्रतिभागियों को सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीकरण के तहत चयनित 9 विषयों की दी विस्तृत जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को समाहरणालय, ब्लॉक-बी, कमरा संख्या 505 में संशोधित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 (अ - 2021-223) के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, रांची विशाल सागर द्वारा कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। मौके पर राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए नामित सभी प्रखण्डों से 9 विषयों से संबंधित विभागों के जिला / प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला के उद्घाटन उपरांत उप विकास आयुक्त विशाल सागर द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीकरण के तहत चिन्हित 9 विषयों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी प्रतिभागियों से जिला स्तर / प्रखण्ड स्तर /ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायतों पुरस्कारों के उपलब्ध आंकड़ों को ससमय प्रविष्टि कराने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। डीडीसी श्री विशाल सागर द्वारा बताया गया कि सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीकरण के तहत चिन्हित 9 विषयों पर सतत कार्य करने से विकास के सभी प्रक्षेत्रों में अपेक्षित प्रगति की ओर बढ़ा जा सकता है। साथ ही ग्राम पंचायतों द्वारा सम्पादित अच्छे कार्यों एवं उपलब्धियों से राज्य एवं देश के अन्य सहभागियों के साथ साझा किया जा सकता है। यह हमें अपने कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का अवसर प्रदान करता है, जिससे जिले का नाम और राज्य का नाम रौशन हो सकता है। उन्होंने बताया कि दिनांक 10.09.2022 से 20.09 2022 तक सभी प्रश्नावली भरने का लक्ष्य रखा गया। कार्यशाला में उद्घाटन उपरांत प्रतिभागियों को जिला पंचायती राज पदाधिकारी, राँची श्री वीरेंद्र चौबे द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार पर विस्तृत जानकारी दी गयी। आपको बताएं कि पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत पुरस्कार दिया जा रहा है।



> कार्यशाला में उद्घाटन उपरांत प्रतिभागियों को जिला पंचायती राज पदाधिकारी, राँची श्री वीरेंद्र चौबे द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

## बीआईटी मेसरा में फायरबोल्ट रेसिंग टीम सम्मानित

**रांची।** बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा की आधिकारिक ऑफ रोड रेसिंग टीम, फायरबोल्ट रेसिंग के लिए संस्थान के मुख्य भवन में अभिनंदन समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया। अध्यक्षता कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने की। समारोह के दौरान टीम फायरबोल्ट के बनाए गए ऑल टेरेन व्हीकल को मुख्य भवन के सामने उप-कप्तान अनुज पांडेय ने चलाया। इस दौरान कप्तान सत्यम व रोहन सक्सेना के अलावा टीम प्रबंधक रोशन अग्रवाल, एसएई अध्यक्ष श्रीतम सैन, तकनीकी प्रमुख जयंत कृष्णा, के-19 के सदस्य कृष्ण गरिया, शुभांकर प्रसाद, प्रखर शाह, मयंक उपाध्याय, संस्कार जोडे, साहिल पांडेय, के-20 और के-21 के सदस्य उपस्थित रहे। जानकारी दी गई की टीम फायरबोल्ट का बएजए एसएई-2023 के वर्चुअल राउंड में के-19 बैच के कप्तान सत्यम की अगुवाई में 30 सदस्यों कर दल प्रतिनिधित्व करेगा।

# महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने में असफल रही है सरकार : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि महिलाओं की सुरक्षा, कल्याण और उत्थान को लेकर चुनावों में झामुमो और कांग्रेस ने जितने वादे किए, वे सिर्फ धोखे साबित हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल इज्जत और सुरक्षा का सामने है। हाल की कई घटना ने समाज को बेचैन किया है। महिलाओं में खौफ है। उक्त बातें उन्होंने केंद्रीय महिला समिति, महिला जिलाध्यक्ष, प्रखंड एवं नगर इकाई की महिला अध्यक्ष तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने वाली आजसू से जुड़ीं महिलाओं साथ पंचायत चुनाव में भाग लेने वाली सभी महिला उम्मीदवारों के साथ रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित महिला प्रतिनिधि सम्मेलन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने झारखंड की बहन-बेटियों को ठगने का काम किया है। अपने ही राज्य में झारखंड की बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस फाइलों के मुताबिक इस साल के मई महीने तक यानी 5 महीने में बलात्कार की 666 घटनाएं हुई हैं। पिछले 29 महीनों (2020 से 2022 के मई तक) में राज्य में दुष्कर्म की 4079 घटनाएं हुई है। नाबालिग बच्चों के साथ दुष्कर्म, हत्या और प्रताड़ना की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। यह आंकड़े साबित करते हैं कि महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने में असफल रही है सरकार। चुनावी घोषणाओं में सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई वादे किए थे। जिसमें महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत का आरक्षण, प्रत्येक गांव में महिला बैंक की स्थापना, गरीब परिवार की महिलाओं को 2000 प्रतिमाह चूल्हा खर्च, पंचायत सेवक, एएनएम, शिक्षिका एवं होम गार्ड जैसे सभी रिक्तियों को तत्काल भरते हुए भारी संख्या में महिलाओं को स्थायी नौकरी, प्राथमिक से लेकर पीएचडी तक सभी प्रकार की शिक्षाएं, सभी जाति एवं धर्म की लड़कियों को निःशुल्क तथा हर अनुमंडल मुख्यालय में सभी सुविधाओं के साथ महिला महाविद्यालय की स्थापना की बात शामिल थी। लेकिन बत्तीस महीनों के कार्यकाल के बाद भी सरकार इन वादों पर मौन है।



## न्यूज गैलरी

### महारानी के निधन के बाद कई खेल आयोजन रद्द

**लंदन (एजेंसी)।** महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के 96 वर्ष की उम्र में निधन के बाद ब्रिटेन में कई खेल आयोजन रद्द कर दिए गए। महारानी के निधन का समाचार मिलने के तुरंत बाद ही बीएमडब्ल्यू पीजीए चैंपियनशिप में दिन का खेल रोक दिया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच ओवल में चल रहे तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को खेल नहीं होगा। इसके अलावा ब्रिटेन में होने वाली घुड़दौड़ और रग्बी मैचों को भी रद्द कर दिया गया है। ब्रिटेन में साइकलिंग टूर के आयोजकों ने कहा कि शुक्रवार को होने वाली रेस रद्द कर दी गई है। प्रीमियर लीग से नीचे की तीन डिवीजन को संचालित करने वाली इंग्लिश फुटबॉल लीग ने कहा कि शुक्रवार की शाम को होने वाले मैचों को रद्द कर दिया गया है।

### पीसीबी ने विश्व कप के लिए हेडन को मार्गदर्शक किया नियुक्त

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए अपने जमाने के दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को टीम का मेंटर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया है। हेडन ने कहा कि पाकिस्तानी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं और वह अगले महीने होनेवाले विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी। हेडन पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी-20 विश्वकप में भी पाकिस्तानी टीम के मेंटर थे। तब ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में हरा दिया था। पीसीबी ने कहा हेडन 15 अक्टूबर को ब्रिसबेन में टीम से जुड़ेंगे। इसी दिन पाकिस्तान की टीम क्राइस्टचर्च से ब्रिसबेन पहुंचेगी। विश्वकप से पहले पाकिस्तान एक टी-20 श्रृंखला में भाग लेगा जिसमें बांग्लादेश और मेजबान न्यूजीलैंड की टीम भी खेलेंगी। पीसीबी ने पिछले विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर को भी गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया था।

### कोहली से ओपनिंग करवाने के सवाल पर केएल राहुल की तीखी प्रतिक्रिया

**दुबई (एजेंसी)।** केएल राहुल तब हैरान रह गए जब उनसे पूछा गया कि क्या अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाने वाले विराट कोहली को विश्वकप में रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिए। औपचारिक रह गए इस मैच में रोहित ने विश्राम लेने का फैसला किया था जिसके बाद कोहली ने राहुल के साथ पारी की शुरूआत की। कोहली अगर पारी का आगाज करते हैं तो इसका मतलब होगा कि राहुल को बाहर बैठना पड़ेगा जिनके टी-20 में बल्लेबाजी के रवैये लेकर सवाल उठ रहे हैं। राहुल से जब कोहली से पारी का आगाज करवाने के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने उल्टा सवाल दाग दिया कि ...तो क्या मैं खुद बैठ जाऊं। भारतीय उप कप्तान का मानना है कि कोहली को बड़े स्कोर बनाने के लिए पारी का आगाज करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर आप दो-तीन अच्छी पारियां खेलते हैं तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने जिस तरह से पारी खेली मैं उससे वास्तव में बहुत खुश हूं। आप सभी विराट कोहली को जानते हैं। उन्होंने कहा कि आप वर्षों से उन्हें खेलते हुए देख रहे हैं। ऐसा नहीं है कि उन्होंने पारी की शुरूआत करते हुए शतक जड़े हों। यदि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं तो तब भी शतक जड़ सकते हैं। यह भूमिकाओं से जुड़ा है और प्रत्येक खिलाड़ी की अपनी भूमिका होती है। लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि जब टीम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रन बनाता है तो उससे टीम का भी मनोबल बढ़ता है। राहुल ने कहा कि निश्चित तौर पर विराट का लंबी पारियां खेलना टीम के लिए बहुत फायदे वाला है और जिस तरह से उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी पारी खेली मुझे लगता है कि उससे वह बहुत खुश होंगे।

# नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, बने डायमंड लीग चैम्पियन



**ज्यूरिख (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल्स का खिताब जीतकर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। चोपड़ा यह खिताब जीतनेवाले पहले भारतीय एथलीट हैं। चोपड़ा ने फाउल से शुरुआत की, लेकिन अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर भाला फेंक कर वह शीर्ष पर पहुंच गए। यह उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है जो आखिर में उन्हें स्वर्ण पदक दिला गया। उन्होंने अपने अगले चार प्रयास में 88.00 मीटर, 86.11 मीटर, 87.00 मीटर और 83.60 मीटर भाला फेंका। चेक गणराज्य के ओलंपिक रजत पदक विजेता जैकब वाडलेज 86.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसे उन्होंने अपने चौथे प्रयास में हासिल किया। जर्मनी के जूलियन वेबर 83.73 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने बाद में कहा कि आज वाडलेज के साथ प्रतिस्पर्धा बहुत अच्छी रही। उसने भी अच्छे थ्रो किए। मुझे आज 90 मीटर तक भाला फेंकने की उम्मीद थी लेकिन मैं खुश हूं कि मेरे पास अब डायमंड ट्रॉफी है और यह सबसे महत्वपूर्ण है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां से मेरे साथ मेरा परिवार भी है। उन्होंने कहा, यह पहला अवसर है जबकि वे किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में आये हैं। वह मेरे साथ इसलिए आए हैं क्योंकि यह मेरी अंतिम प्रतियोगिता है और इसके बाद हम पेरिस में छुट्टियां मनाने चले जायेंगे। नीरज ने कहा कि इयुगेन में मैं चोटिल हो गया था और मुझे दो तीन सप्ताह आराम की जरूरत है। इसके बाद मैं रिहैब करूंगा और अगले साल की तैयारियों में जुट जाऊंगा। भारत का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी अब ओलंपिक चैंपियन, विश्व चैंपियनशिप का रजत पदक विजेता और डायमंड लीग चैंपियन है। यह सब उपलब्धियां उन्होंने केवल 13 महीनों के अंदर हासिल की हैं। उन्होंने पिछले साल सात अगस्त को तोक्यो में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा ने इस सत्र में छह बार 88 मीटर से अधिक दूर तक भाला फेंका जिससे उनकी निरंतरता का पता चलता है। उनके नाम पर 89.94 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है जो उन्होंने इसी सत्र में हासिल किया था। चोपड़ा ने अपने सत्र का समापन भी इतिहास रच कर किया। डायमंड लीग फाइनल्स को ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप से इतर सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता माना जाता है। चोपड़ा ने तीसरी बार डायमंड लीग फाइनल्स में भाग लिया। इससे पहले वह 2017 और 2018 में क्रमशः सातवें और चौथे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा को इस जीत पर डायमंड ट्रॉफी, 30,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के लिए वाइल्ड कार्ड मिला। वह हालांकि विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके थे।

### विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने को लेकर आश्वस्त हूं : रवि दहिया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया की नजरें आगामी विश्व चैंपियनशिप और अगले साल चीन के हांगझोऊ में होनेवाले स्थगित एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की है। रवि 10 सितम्बर से बेलग्रेड में शुरू होनेवाले विश्व चैम्पियनशिप की तैयारियों के लिए रूस में प्रशिक्षण ले रहे हैं। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले रवि ने एक विज्ञप्ति में कहा कि खिलाड़ी के रूप में मेरे जीवन का एकमात्र उद्देश्य अपने देश का नाम रोशन करना है।

कोहली ने रोहित से कहा -

# स्वाभाविक बने रहने की जो छूट दी उससे मैं सहज हो पाया

**दुबई (एजेंसी)।** विराट कोहली ने कप्तान रोहित शर्मा का उनके साथ किये गये संवाद के लिए आभार व्यक्त किया जिससे उन्हें सहज बने रहने और अपने मूल स्वरूप में लौटने में मदद मिली। कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर चार के मैच में अपने करियर का 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाकर तीन साल का इंतजार समाप्त किया। इसके बाद भारत के वर्तमान और पूर्व कप्तान के बीच बीसीसीआई.टीवी पर आपस में बातचीत हुई।



कोहली ने अपना इंटरव्यू ले रहे रोहित से कहा कि हमें सुपर चार के इन मैचों (पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ) से सबक लेना होगा कहां हमने गलती की। टीम प्रबंधन की तरफ से स्पष्ट संवाद था। आपने मुझे जो स्वाभाविक बने रहने की छूट दी उससे मैंने सहज महसूस किया। इसलिए विश्राम से वापसी करने के बाद मैं टीम में अपने योगदान को लेकर काफी उत्साहित था। कोहली ने अपने कप्तान से कहा कि उन्हें अहसास हुआ कि उन्हें उसी तरह का खेल खेलना चाहिए जैसा वह खेलते रहे हैं। इसमें छक्का जड़ना उनकी प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मेरे पास क्रिकेट के कुछ अच्छे शॉट हैं और छक्का लगाना मेरा मजबूत पक्ष नहीं है। परिस्थिति के अनुसार मैं छक्का जड़ सकता हूं, लेकिन मैं खाली स्थानों पर शॉट मारने में बेहतर हूं। मैं जितने अधिक चौके लगाऊंगा उससे भी उद्देश्य की पूर्ति होती है।

कोहली ने यहां तक कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ से भी इस संबंध में बात की थी। उन्होंने कहा कि मैंने कोच से कहा कि मैं बड़े शॉट खेलने के बजाय खाली स्थानों पर शॉट मारकर रन बनाना चाहूंगा। क्रिकेट में ऐसा नहीं है कि स्ट्राइक रेट बनाये रखने के लिए आपको लंबे शॉट ही खेलने हैं। मैंने स्वीकार किया कि यह मेरा मजबूत पक्ष नहीं है और मैं अपने मूल स्वरूप में लौट आया। कोहली ने कहा कि टीम में मेरी भूमिका परिस्थिति के अनुसार जिम्मेदारी संभालना है और रन बनाने की दर को भी बेहतर रखना है।

### टी-20 प्रारूप में शतक जड़ने की उम्मीद नहीं थी : विराट कोहली

करीब तीन साल बाद शतक जमानेवाले विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप के औपचारिकता के मैच में 122 रन बनाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में उन्हें इसकी उम्मीद नहीं थी। कोहली ने 989 दिन बाद शतक जमाया। वह 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने के साथ ही अब रिकी पोंटिंग के बराबर आ गए और उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (सौ शतक) हैं। कोहली ने पारी के ब्रेक में कहा कि पिछले ढाई साल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं एक महीने बाद 34 साल का हो जाऊंगा। अब गुस्से से जश्न मनाना अतीत की बात हो गई है। उन्होंने कहा- मैं वास्तव में स्तब्ध था। इस प्रारूप में शतक के बारे में नहीं सोचा था। कई चीजों का परिणाम है यह। टीम ने काफी मदद की। कोहली ने खराब दौर में चट्टान की तरह उनके साथ खड़े होने के लिये पत्नी अनुष्का शर्मा को श्रेय दिया।

# भारत के लीडिंग विकेटटेकर बने भुवनेश्वर कुमार, चार रन देकर पांच विकेट निकाले



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने दुबई की पिच पर शानदार गेंदबाजी करते हुए महज चार रन देकर अफगानिस्तान के पांच बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा दी। भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए विराट के शतक की मदद से 212 रन बनाये थे। जवाब में खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने भुवी के कारण सात ओवर में ही अपने छह विकेट गंवा लिये थे। भुवी ने इस मैच में तीन बल्लेबाजों को शून्य पर ही पवेलियन की राह दिखायी। यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसी के साथ वह भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेनेवाले गेंदबाज भी बन गये हैं। भुवी ने इसी के साथ 2022 में 30 विकेट पूरे कर लिए हैं। यह भारत के लिए एक साल में लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं।

**भुवनेश्वर कुमार का टी-20 इंटरनेशनल में बेस्ट प्रदर्शन**

- 5/4 बनाम साऊथ अफ्रीका, 2022
- 4/13 बनाम साऊथ अफ्रीका, 2022
- 4/22 बनाम श्रीलंका, 2022
- 4/26 बनाम पाकिस्तान, 2022
- 3/9 बनाम पाकिस्तान, 2022

**टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लीडिंग विकेटटेकर**

- 84 भुवनेश्वर कुमार
- 83 युजी चहल
- 69 जसप्रीत बुमराह
- 65 रवि अश्विन
- 54 हार्दिक पांड्या

**सबसे कम रन देकर 4 विकेट लेने वाले गेंदबाज (भारतीय)**

- 4 - भुवनेश्वर कुमार बनाम अफगानिस्तान, 2022
- 7 - दीपक चाहर बनाम बांगलादेश, 2019
- 8 - रवि अश्विन बनाम श्रीलंका, 2016
- 10 - बरिंदर सरन बनाम जिमबाब्वे, 2016
- 11 - रवि अश्विन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2014

# इगा स्वियातेक और ओन्स जाबूर पहली बार अमरीकी ओपन के फाइनल में पहुंचे




**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक और विंबलडन की उप विजेता ओन्स जाबूर ने विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके पहली बार अमरीकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। जाबूर ने गुरुवार की रात को अपनी सर्वश्रेष्ठ टेनिस का नजारा पेश किया तथा कारोलिन गर्सिया को आसानी से 6-1, 6-3 से शिकस्त देकर लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनायी। उन्होंने जीत के बाद कहा कि अब मैं वास्तविकता के अधिक करीब हूं। विंबलडन में मैं सपना जी रही थी और विश्वास नहीं कर पा रही थी कि मैं फाइनल में पहुंच गयी हूं। जाबूर ने इस तरह से गर्सिया के 13 मैच के विजय अभियान पर रोक लगायी। ट्यूनीशिया की यह खिलाड़ी शनिवार को होने वाले फाइनल में स्वियातेक से भिड़ेगी जिन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद छठी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया। स्वियातेक तीसरे सेट में भी पिछड़ रही थी, लेकिन उन्होंने आखिरी चार गेम जीत कर फाइनल में जगह बनायी। उन्होंने आखिरी 20 पॉइंट में से 16 पॉइंट अपने नाम किए थे। स्वियातेक अमरीकी ओपन में इससे पहले कभी चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पायी थी, लेकिन पोलैंड की 21 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पर फ्रेंच ओपन के दो खिताब दर्ज हैं। पांचवीं वरीयता प्राप्त 28 वर्षीय जाबूर 1968 से शुरू हुए पेशेवर युग में अमरीकी ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी खिलाड़ी हैं।

# माइकल और निर्मल की शानदार तिकड़ी, रेंजर्स और गढ़वाल जीते

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रेंजर्स फुटबाल क्लब ने तीन गोलों से पिछड़ने के बाद लकी माइकल की शानदार तिकड़ी की मदद से तरुण संघा को 4-3 से हरा कर प्रीमियर लीग में न सिर्फ पूरे अंक पाए बल्कि खूब वाह-वाही भी लूटी। तरुण संघा ने मैच में बड़ी बढ़त बनाने के बाद जैसे आत्महत्या की। गोलकीपर तनमोय ने कई गलत अनुमान लगाए जो उनकी टीम पर भारी पड़ा। आशीष के दो और श्याम के एक गोल पर रेंजर्स के स्टार स्ट्राइकर नाइजीरियन माइकल लकी की बेहतरीन तिकड़ी भारी पड़ी, जबकि एक गोल अमित ने किया। दिन के दूसरे मुकाबले में गढ़वाल एफसी ने निर्मल सिंह बिष्ट की उत्कृष्ट तिकड़ी से भारतीय वायुसेना को फुटबॉल का पाठ पढ़ाया। वायुसेना और गढ़वाल के बीच पुनर्निर्धारित मुकाबले में विजेता टीम हावी रही। वायुसैनिक मैदान में बस सैर सपाटा करते नजर आए। निर्मल के तीन गोलों ने पराजित टीम को उबरने का मौका नहीं दिया। सात मैच हारकर वायुसेना नॉकआउट मैचों की दौड़ से पूरी तरह बाहर हो गई है, जबकि गढ़वाल ने 26 अंकों से वापसी की उम्मीद जगाई है।






# कोहली की विराट पारी के पाकिस्तानी खिलाड़ी भी हुए मुरीद

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप के सुपर-4 मैच में विराट कोहली के 1020 दिनों के बाद शतक बनाने पर न सिर्फ भारतीय प्रशंसकों ने, बल्कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भी उनके फॉर्म में लौटने की प्रशंसा की है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली और मोहम्मद आमिर ने ट्विटर पर कोहली को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में पहले और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 71वें शतक के लिए बधाई दी है। हसन ने ट्वीट किया कि महान क्रिकेटर विराट कोहली फिर से लौट आये हैं। आमिर ने बधाई देते हुए कहा कि आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। किंग कोहली का शानदार शतक।



1020 दिन के अंतराल के बाद आये इस शतक से पहले कोहली खराब फॉर्म से जूझ रहे थे और और कुछ क्रिकेट विशेषज्ञों ने भारत की टी-20 टीम में उनकी जगह पर सवाल उठाने शुरू कर दिए थे। वर्ष 1983 के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने यहां तक कहा कि अगर रविचंद्रन अश्विन जैसा गेंदबाज टीम से बाहर हो सकता है, तो कोहली को भी उनके खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया जाना चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर एवं बल्लेबाज कामरान अकमल ने ट्वीट किया, फॉर्म अस्थायी है, क्लास स्थायी है। कोहली को खेलते हुए देखना हमेशा अच्छा लगता है। आप लाजवाब हैं, आप क्रिकेट के असली बादशाह हैं। पाकिस्तान के हरफनमौला इमाद वसीम ने कोहली को विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताते हुए कहा कि विश्व का सबसे अच्छा खिलाड़ी फिर से रंगत में लौट आया है, विराट कोहली सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ हैं। कोहली ने गुरुवार को अपने पहले टी-20 शतक का श्रेय पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका को दिया। कोहली का यह शतक खास था क्योंकि यह तीन साल के अंतराल के बाद उनके बल्ले से निकला। कोहली ने 6 गेंदों पर 122 रन की पारी में 12 चौके और छह छक्के लगाये, जिसकी बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के लिए 213 रनों का विशाल लक्ष्य दिया और 101 से मैच जीता।

### ढाई साल में वक्त ने बहुत कुछ सिखाया : कोहली

**कोहली** ने कहा कि पिछले ढाई साल में वक्त ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया जिससे उन्होंने बहुत सी चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखा। कोहली ने चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखने का श्रेय अनुष्का शर्मा को दिया। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा चौंक गए, क्योंकि उन्हें टी-20 मैच में शतक बनाने की उम्मीद बहुत कम थी। कोहली का यह 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक है, जिससे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग के रिकॉर्ड की बराबरी की। पूर्व कप्तान ने हालांकि पोंटिंग की तुलना में कम पारियां खेल कर यह मील का पत्थर हासिल किया है।

## न्यूज गैलरी

### ब्रिटेन उत्तरी सागर में तेल गैस 100 लाइसेंस जारी करेगा : ट्रस



लंदन। ब्रिटेन की नयी प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने कहा है कि ब्रिटेन यूरोप में भू-राजनैतिक तनाव के बीच देश में उत्पन्न ऊर्जा संकट से उबरने के लिए उत्तरी सागर क्षेत्र में तेल और गैस उत्पादन के लिए 100 से अधिक लाइसेंस जारी करेगा। सुश्री ट्रस ने संसद की एक बैठक में कहा, हम उत्तरी सागर के तेल और गैस उत्पादन सहित घरेलू ऊर्जा के सभी स्रोतों के प्रयोग में तेजी ला रहे हैं। हम एक नया लाइसेंसिंग दौर शुरू करेंगे, जिससे 100 से अधिक नए लाइसेंस दिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि वह ब्रिटेन में हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग द्वारा गैस उत्पादन पर प्रतिबंध को हटा देंगी, क्योंकि पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने इसकी आलोचना की है। बोरिस जानसन सरकार में विदेश मंत्री रह चुकीं सुश्री ट्रस को पिछले सोमवार को सत्तारुढ़ कंजरवेटिव पार्टी का नेता चुना गया था और मंगलवार को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने उन्हें नए प्रधान मंत्री के रूप में सरकार बनाने का निर्देश दिया।

### टाटा मोटर्स इस महीने के अंत में टियागो का इलेक्ट्रिक संस्करण करेगी पेश



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निमार्ता कंपनी टाटा मोटर्स इस महीने के अंत तक सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार टियागो का इलेक्ट्रिक संस्करण पेश करेगी। टाटा मोटर्स ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। टाटा मोटर्स ने विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस पर जारी एक बयान में कहा कि नेक्सन और टिगोर के बाद टियागो ईवी इलेक्ट्रिक श्रेणी में कंपनी का तीसरा उत्पाद होगी। कंपनी ने अगले पांच साल में बिजली से चलने वाले 10 इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने का लक्ष्य रखा है। टाटा मोटर्स यात्री वाहन के प्रबंध निदेशक (एमडी) शैलेश चंद्र ने कहा कि आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम टियागो ईवी के साथ अपने ईवी खंड के विस्तार की घोषणा करते हैं। कंपनी आने वाले हफ्तों में टियागो ईवी की कीमत के बारे में विशेष विवरण जारी करेगी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स की सस्ती इलेक्ट्रिक कार टिगोर ईवी है। इसकी शुरूआती कीमत 12.5 लाख रुपये है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि टाटा की अगली ईवी कार की कीमत इससे कम होगी।

### कोयला मंत्रालय ने रॉयल्टी और किराये के विलंब से भुगतान पर ब्याज दर घटाई

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कोयला खदानों से रॉयल्टी और किराया शुल्क के देरी से भुगतान की स्थिति में लगने वाले ब्याज की दर घटा दी है। सरकार ने कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया है। कोयला मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि किराये, रॉयल्टी शुल्क या अन्य राशि के भुगतान में देरी की स्थिति में दंडात्मक ब्याज की दर 24 फीसदी से घटाकर 12 फीसदी कर दी गई है। मंत्रालय ने खनिज रियायत नियम, 1960 (एमसीआर) में संशोधन किया है, ताकि इसके कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से मुक्त किया जा सके। इसके अलावा अतिरिक्त या कम रॉयल्टी को समायोजित करने के लिए एक नया भी प्रावधान जोड़ा गया है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार व्यापार और नागरिकों के लिए अनुपालन कम करने की दिशा में कदम उठा रही है। सरकार ने कारोबार सुगमता की नीति को आगे बढ़ाने के लिए एमसीआर में संशोधन कर 68 प्रावधानों को खत्म कर दिया है, जबकि एमसीआर के 10 प्रावधानों में जुमार्ना कम किया गया है। एमसीआर खनिज रियायतों के आवेदनों और उन्हें आवंटित करने की प्रक्रिया के नियम को तय करता है, जिसमें सर्वेक्षण करने का परमिट, संभावित लाइसेंस और खनन पट्टे शामिल है। दरअसल, ये रियायतें खानों के संचालन और विकास के लिए जरूरी हैं।

# आयकर विभाग ने 100 करोड़ रुपये की बेहिसाबी आय का पता लगाया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आयकर विभाग ने हाल ही में महाराष्ट्र स्थित दो व्यापारिक समूहों पर छापेमारी के बाद 100 करोड़ रुपये से अधिक की बिना हिसाब की आय का पता लगाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 25 अगस्त को दो समूहों के खिलाफ तलाशी शुरू की गई, जो रेत खनन, चीनी उत्पादन, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य देखभाल और मेडिकल कॉलेज चलाने के कारोबार में शामिल हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि कार्रवाई के तहत महाराष्ट्र के सोलापुर, उस्मानाबाद, नासिक और कोल्हापुर जिलों में स्थित 20 से अधिक परिसरों पर छापेमारी की गई। विभाग की प्रशासनिक इकाई द्वारा जारी बयान में कहा गया कि जब्त किए गए दस्तावेजों और डिजिटल डेटा से समूह द्वारा अपनाए गए कर चोरी के तौर-तरीकों का पता चलता है, जिसमें फर्जी खर्चों की बुकिंग, अघोषित नकद बिक्री, अस्पष्टीकृत ऋण/क्रेडिट प्रविष्टियां शामिल हैं। इसमें कहा गया कि रेत खनन और चीनी उत्पादन में लगे समूह के मामले में 15 करोड़ रुपये से अधिक की चीनी की बिना हिसाब की नकद बिक्री के दस्तावेजी सबूत मिले हैं, जो जब्त कर लिए गए हैं। बयान में कहा गया कि समूह ने अपने बहीखातों में फर्जी बिना गारंटी वाले ऋण के रूप में अपनी बेहिसाबी आय पेश की है। इसमें कहा गया, समूह के कई ऋणदाताओं, साथ ही प्रवर्तकों ने भी स्वीकार किया है कि समूह द्वारा उत्पन्न की गई 10 करोड़ रुपये से अधिक की बिना हिसाब की नकदी इस तरह से इसके बहीखातों में भेजी गई।

> विभाग की प्रशासनिक इकाई द्वारा जारी बयान में कहा गया कि जब्त किए गए दस्तावेजों और डिजिटल डेटा से समूह द्वारा अपनाए गए कर चोरी के तौर-तरीकों का पता चलता है।

सीबीडीटी ने कहा, एक गैर-फाइलर कॉरपोरेट इकाई द्वारा संपत्ति की बिक्री पर लगभग 43 करोड़ रुपये के पूंजीगत लाभ के साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। उसने कहा, स्वास्थ्य देखभाल और मेडिकल कॉलेज चलाने के साथ-साथ सड़क निर्माण के व्यवसाय में लगे समूह के मामले में, कैपिटेशन शुल्क संबंधी अघोषित नकद प्राप्तियों और डॉक्टरों/पीजी छात्रों को भुगतान किए गए वेतन एवं वजीफे की वापसी के प्रमाण मिले हैं।

## 52-वीक हाई पर पहुंच गया अडानी ग्रुप का यह शेयर, निवेशकों को मिला तगड़ा रिटर्न



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों में रैली जारी है। शुक्रवार के शुरुआती कारोबार में बीएसई पर यह शेयर 1 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 3,506 के नए हाई पर पहुंच गया था। स्टॉक इस महीने बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स में शामिल किया जा रहा है। बता दें कि इंडेक्स रिजिग के हिस्से के रूप में अडानी एंटरप्राइजेज श्री सीमेंट की जगह लेगा। यह बदलाव 30 सितंबर, 2022 से प्रभावी होंगे। अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) अडानी ग्रुप की प्रमुख कंपनी है। इस स्टॉक ने 2022 (वाईटीडी) में 103% से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है और पिछले छह महीने में इसमें 111% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इस साल अब तक यह शेयर 127.08% बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष के जून में समाप्त पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 73% बढ़कर 469 करोड़ हो गया, जबकि 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए इसका समेकित राजस्व 223% सालाना (वाईओवाई) बढ़कर 41,066 करोड़ हो गया।

## रेलवे ने पहिया कारखाना लगाने के लिए जारी की निविदा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे ने पहिया कारखाना लगाने के लिए निविदा जारी की है जहां हर साल कम-से-कम 80,000 पहियों का विनिर्माण किया जाएगा। साथ ही रेल पहियों का निर्यातक बनने के लिए खाका तैयार किया गया है। वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने पहली बार रेल पहिया संयंत्र लगाने के लिए निजी कंपनियों को आमंत्रित किया है। इस संयंत्र में तेज रफ्तार वाली ट्रेनों के लिए पहिये बनाए जाएंगे। भारतीय रेल को हर साल दो लाख पहियों की जरूरत है। इस योजना के मुताबिक, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) जहां एक लाख पहियों का विनिर्माण करेगी वहीं बाकी एक लाख पहिये इस नए 'मेक इन इंडिया' संयंत्र में बनाए जाएंगे। वैष्णव ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह निविदा इसी शर्त पर दिया जाएगा कि इस संयंत्र में बनने वाले रेल पहियों का निर्यात भी किया जाएगा और यह निर्यात यूरोपीय बाजार को किया जाएगा। निविदा में यह प्रावधान भी किया गया है कि संयंत्र को 18 महीनों के भीतर स्थापित कर लिया जाएगा। ट्रेन 'वंदे भारत' में इस्तेमाल होने वाले पहिये युद्ध का सामना कर रहे यूक्रेन में फंसे हुए हैं और इन ट्रेनों का समय पर उत्पादन पूरा करने के लिए उन्हें देश लाना होगा।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मूल्यवर्धित वित्तीय समाधानों के लिए यूको बैंक के साथ साझेदारी की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कंपनी के, ग्राहक सबसे पहले दर्शन को सुदृढ़ करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत के अग्रणी बैंकिंग प्लेटफॉर्म, यूको बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। अधिक से अधिक ग्राहकों को टोयोटा के विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए परिकल्पित, इस साझेदारी से ग्राहकों को न केवल टीयर क बाजारों, बल्कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्राहकों को लाभ होगा और टियर कक तथा टियर ककक बाजारों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। कूल न्यू ग्लैंजा, अर्बन क्रूजर और हाल ही में अनावरण किए गए अर्बन क्रूजर हायरायडर जैसे नए मॉडल लॉन्च के साथ ए एंड बी-सेगमेंट में अपने प्रवेश के माध्यम से, टीकेएम ने टियर II और III बाजारों पर विशेष ध्यान देने के साथ पूरे भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। यह नया गठजोड़ टियर II और III बाजारों में स्थित ग्राहकों के लिए मूल्य वर्धित पेशकशों को बढ़ाने के लिए टीकेएम के प्रयासों को मजबूत करेगा। इस प्रकार, भारत में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों की पूरी श्रृंखला तक ग्राहकों की आसान पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। टाई-अप पर अपने विचार साझा करते हुए, सत्य रंजन पांडा, महाप्रबंधक, मार्केटिंग और वेल्थ मैनेजमेंट विभाग, यूको बैंक ने कहा, हम टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ सहयोग करने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि वे अग्रणी कार निमार्ताओं में से एक हैं। इस नई साझेदारी के साथ, हम 3,000 से अधिक शाखाओं के अपने विशाल नेटवर्क के माध्यम से टियर I, II और III शहरों और कस्बों में अपने ग्राहक आधार तक पहुंचने के लिए आश्वस्त हैं ।

## बजट तैयार करने की प्रक्रिया 10 अक्टूबर से शुरू करेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सालाना बजट तैयार करने का काम 10 अक्टूबर से शुरू करेगा। मंत्रालय की बजट तैयार करने की यह प्रक्रिया घरेलू अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और विकसित देशों में मंदी की आशंका के बीच शुरू हो रही है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के बजट इकाई के बजट परिपत्र 2023-24 के मुताबिक व्यय सचिव की अध्यक्षता में बजट पूर्व बैठकें 10 अक्टूबर से शुरू होंगी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों को बजट पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अस्थायी तौर पर अंतिम रूप दिया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक बजट का संशोधित अनुमान (आरई) को लेकर बैठकें नवंबर, 2022 के मध्य तक जारी रहेंगी। वित्त वर्ष 2023-24 का बजट संसद के बजट सत्र के पहले चरण में एक फरवरी, 2023 को पेश किया जा सकता है। आमतौर पर संसद का बजट सत्र जनवरी के अंतिम हफ्ते से शुरू होता है। अगले वित्त वर्ष के बजट में उच्च महंगाई, मांग को गति देने, रोजगार सृजन तथा आठ फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर को बनाए रखने जैसे मुद्दों पर गौर करने की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि इससे एक दिन पहले वित्त मंत्री ने कहा कि महंगाई के नीचे आने के साथ यह मुद्दा अब ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं रह गया है। सीतारमण ने कहा कि अब सरकार की प्राथमिकता रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को गति देना है। दरअसल, ये सरकार के दूसरे कार्यकाल और सीतारमण का पांचवां बजट होगा। इसके साथ ही साथ ही 2024 के अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव से पहले अंतिम पूर्ण बजट होगा।

## टाटा ग्रुप भारत में बना सकता है आईफोन, चीन को लगेगा जबरदस्त झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टाटा ग्रुप अब भारत में आईफोन बना सकती है। खबर है कि टाटा ग्रुप एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ज्वाइंट वेंचर स्थापित कर सकती है और इसके लिए टाटा की एपल इंस के ताइवानी सप्लायर 'विस्ट्रॉन कॉर्प' के साथ बातचीत चल रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ऐपल इंक भारतीय मार्केट में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग संयुक्त उद्योग को बढ़ावा देना चाहता है। इसके लिए वह टाटा ग्रुप से संपर्क में है और जल्द ही टाटा और ऐपल कंपनी के बीच एक डील हो सकती है। आपको बता दें कि अगर यह डील सफल होती है, तो टाटा भारत में आईफोन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बन जाएगी। वर्तमान में मुख्य रूप से चीन और भारत में विस्ट्रॉन और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप जैसे ताइवान के निर्माण दिग्गजों द्वारा असेंबल की जाती है। भारत में आईफोन बनने के बाद चीनी कंपनियों को जबरदस्त झटका लग सकता है। इतना ही नहीं ऐपल इंक के बाद अन्य विदेशी कंपनिया भी भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग उद्योग स्थापित करने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा सकती है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में चीन पर अपनी निर्भरता कम करने में भारत का एक बड़ा कदम होगा।

## सोना 62 रुपये मजबूत, चांदी 579 रुपये उछली

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर मूल्यवान धातुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच दिल्ली सरार्फा बाजार में शुक्रवार को सोना 62 रुपये बढ़कर 51,131 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,069 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 579 रुपये उछलकर 55,540 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 54,961 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,727 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जबकि चांदी 18.84 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर थी। एचडीएफसी के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''न्यूयॉर्क स्थित जिंस बाजार कॉमेक्स में सोने की हाजिर कीमत एक प्रतिशत की तेजी के साथ 1,711 डॉलर प्रति औंस रही।

## एएमपी एनर्जी इंडिया सौर सेल विनिर्माण के क्षेत्र में उतरी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** एएमपी एनर्जी ने सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण के क्षेत्र में उतरने की शुक्रवार को घोषणा की। इसके साथ ही वेबसोल एनर्जी सिस्टम्स के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने की योजना की भी जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा, एएमपी एनर्जी इंडिया ने 1.2 गीगावॉट (1,200 मेगावॉट) तक के मोनोक्रिस्टेलिन पीईआरसी सौर सेल एवं मॉड्यूल के विनिर्माण और उत्पादन के लिए वेबसोल एनर्जी सिस्टम्स लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम बनाने की घोषणा की है। इन सेल का विनिर्माण पश्चिम बंगाल के फाल्टा में वेबसोल की मौजूदा इकाई में होगा। कंपनी ने बताया कि सौर सेल विनिर्माण में उतरने से महत्वपूर्ण कलपुर्जों के लिए आपूर्ति श्रृंखला पर उसे बेहतर नियंत्रण हासिल होगा। संयुक्त उपक्रम में वेबसोल की हिस्सेदारी 51 फीसदी और एएमपी एनर्जी की 49 फीसदी होगी। एएमपी एनर्जी इंडिया में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी पिनाकी भट्टाचार्य ने कहा, वेबसोल एनर्जी के साथ यह साझेदारी आगामी वर्षों में भारत की सौर मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने में मददगार होगी। भारत में बने सौर सेल की मांग बहुत मजबूत है और अनुकूल नीतियों के चलते विनिर्माण लागत कम होगी तथा उद्योग और भी प्रतिस्पर्धी बनेगा।

## म्यूचुअल फंड में अगस्त में 6,120 करोड़ रुपए का निवेश, पिछले दस माह में सबसे कम




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजार में अस्थिर माहौल के बीच म्यूचुअल फंड में अगस्त में 6,120 करोड़ रुपए का निवेश आया है। यह आंकड़ा पिछले दस माह में सबसे कम है। हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंड में सकारात्मक प्रवाह का यह लगातार 18वां महीना था लेकिन पिछले कुछ महीनों में निवेश की गति में गिरावट आई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में शुद्ध निवेश जुलाई के मुकाबले कम रहा। जुलाई में 8,898 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। यह आंकड़ा जून में 18,529 करोड़ रुपए और मई में 15,890 करोड़ रुपए था। अगस्त के महीने में अक्टूबर 2021 के बाद से सबसे कम निवेश देखा गया। तब इक्विटी म्यूचुअल फंड में 5,215 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। मार्च, 2021 से इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश का प्रवाह देखा जा रहा है। इससे पहले जुलाई, 2020 से फरवरी, 2021 तक इस तरह की योजनाओं में लगातार आठ महीनों के लिए निकासी देखने को मिली थी। इस दौरान इन योजनाओं से कुल 46,791 करोड़ रुपए निकाले गए थे। बाजार में अस्थिरता बनी हुई है क्योंकि मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। इक्विटी के अलावा, ऋण म्यूचुअल फंड में पिछले महीने 49,164 करोड़ रुपए का निवेश आया, जो जुलाई में 4,930 करोड़ रुपए के निवेश से काफी अधिक है। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड उद्योग ने जुलाई में 23,605 करोड़ रुपए की तुलना में अगस्त में 65,077 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रवाह दर्ज किया।

## पेज एक के शेष

### चुनाव आयोग के...

कहा कि राजनीतिक जिस तरह से परिस्थिति के अनुरूप चलती है, उसी तरह से धारणा के अनुरुप भी चलती है।

जेएमएम केंद्रीय समिति के सदस्य ने कहा कि राज्यपाल रमेश बैस गुरुवार को छह दिन के लंबे दिल्ली प्रवास से लौटे हैं, पार्टी उनका स्वागत करती है। साथ ही यह जानकारी मिली है कि राज्यपाल ने अपने स्वास्थ्य का चेकअप भी कराया है। वह स्वस्थ रहें, इसकी भी कामना है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड का स्वास्थ्य भी लोकतांत्रिक तरीके से सुधरे, इसका भी प्रयास होना चाहिए। ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में चुनाव आयोग की सिफारिश को लेकर एक सितम्बर को यूपीए नेताओं के शिष्टमंडल ने राजभवन जाकर असमंजस दूर करने की गुहार लगायी थी, इस दौरान राज्यपाल ने दो दिन में अपने मंतव्य से निर्वाचन आयोग को अवगत कराने का भरोसा दिलाया था, परंतु वे दूसरे दिन दिल्ली चले गये। राज्यपाल के आश्वासन का आज सातवां दिन है। वहीं, आयोग के पत्र के बाद राजनीतिक असमंजसता का एक पखवाड़ा गुजर गया है, लेकिन अभी तक बातें स्पष्ट नहीं हो पायी हैं कि निर्वाचन आयोग के लिफाफे में क्या है। उन्होंने कहा कि सदन में यूपीए ने अपनी ताकत दिखा दी और विपक्ष वॉक आउट कर गया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बीजेपी को ढोंगी पार्टी करार देते हुए कहा कि उनकी पार्टी की चिंतन शिविर की बैठक में झारखंड की डेमोग्राफी बदलने पर चिंता जतायी जा रही थी, लेकिन यह डेमोग्राफी बदलने के पीछे मुख्य रूप से बीजेपी सरकार की गलत नीतियां ही रही है।

### सुखाड़ से प्रभावित...

जरिये किसानों को यह पता रहता है कि उन्हें जो बीज मिल रहा है, वह कहां से उत्पादित है इससे नकली और खराब गुणवत्ता के बीजों से बचा जा सकता है। कम बारिश की वजह से धान की खेती नहीं कर पानेवाले किसानों को झारखंड फसल योजना से राहत राशि जल्द ही उनके खाते में देने की तैयारी सरकारी स्तर पर की गयी है। इस योजना के तहत प्रभावित किसानों को बीमा कंपनी द्वारा भुगतान किया जाना है। इसके लिये नोडल एजेंसी जिला का कृषि विभाग को बनाया गया है। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में पलामू और संथाल परगना प्रमंडल में सुखाड़ से राहत के लिए अधिकारियों को स्थल निरीक्षण का निर्देश दिया था। कृषि निदेशक निशा उरांव ने सुखाड़ का जायजा लेने के बाद विभाग को राहत राशि किसानों तक जल्द पहुंचाने का निर्देश दिया है। फसल राहत योजना के तहत प्रारंभिक तौर पर 100 करोड़ की राशि किसानों को देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये अबतक पांच लाख से ज्यादा पंजीकृत किसानों ने आवेदन किया है।

### बाइक शोरूम में...

उन्हें डालटनगंज सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रांची रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भयावह थी कि पांच दमकल की टीम को लगना पड़ा। इसमें लातेहार से आयी दमकल टीम की भूमिका काफी सराहनीय रही। गुरुवार की रात्रि 11 बजे आग लगी थी, लेकिन शुक्रवार सुबह भी दूसरे तल्ले में काफी धुआं उठता रहा। अगलगी की घटना में नयी मोटरसाइकिलों के अलावा ग्राहकों की सर्विस के लिए आयी मोटरसाइकिलें भी जल गयीं।

### भारत 132वें...

गिरावट का है, जो 2019 के 72.8 साल से घटकर 2021 में 71.4 साल हो गयी है। यूएनडीपी के प्रशासक अचिम स्टेनर ने कहा, अनिश्चितता से भरी इस दुनिया में, हमें आम चुनौतियों से निपटने के लिए परस्पर वैश्विक एकजुटता की एक नयी भावना की आवश्यकता है। स्टेनर ने कहा कि एक-दूसरे से जुड़े अंतर्निहित संकटों ने भारत के विकास पथ को वैसे ही प्रभावित किया है जैसे दुनिया के अधिकांश हिस्सों में प्रभावित हुआ है। एचडीआई मानव विकास के तीन प्रमुख आयामों की प्रगति को मापता है- एक लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और एक सभ्य जीवन स्तर। इसकी गणना चार संकेतकों- जन्म के समय जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के माध्यम से की जाती है।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर...

मार्केटिंग रणनीति पर लगाम लगाने के लिए इस तरह का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले जुलाई 2021 में भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) ने प्रभावशाली विज्ञापन दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के लिए डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की निगरानी शुरू कर दी थी। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कंपनियों से मुफ्त आइटम प्राप्त करनेवाले प्रभावशाली और सोशल मीडिया हस्तियां करों का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं और उन्हें टीडीएस 10 प्रतिशत की दर से भुगतान करना होगा। आयकर विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश इसी साल एक जुलाई 2022 को लागू हुए थे। मालूम हो कि दिन प्रतिदिन सोशल मीडिया का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और लोग यदि कोई भी सामान खरीदते हैं, तो कई बार उसके रिव्यू देखते हैं और उसके बाद ही उत्पाद खरीदने का निर्णय करते हैं।

## मोटे चावल पर 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क, टुकड़ा चावल के निर्यात पर पाबंदी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने खरीफ मौसम में धान की पैदावार अनुमान से कम होने की संभावनाओं के बीच चावल के निर्यात पर गुरुवार को कुछ पाबंदियां लगाने की घोषणा की। सरकार ने धान और विभिन्न प्रकार के मोटे चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने के साथ ही टुकड़ा चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। ये फैसले 09 सितंबर से लागू होंगे। विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार टुकड़ा चावल (एचएस कोड 1064000) के तहत अब तक निर्यात के लिए मुक्त टुकड़ा चावल को संशोधित निर्यात नीति के तहत प्रतिबंधित सूची में डाल दिया गया है। डीजीएफटी ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश इस समय निर्यात के लिए लादी जा रही चावल की खेप या सीमा शुल्क विभाग को सुपुर्द की गयी खेप या उस खेप पर लागू नहीं होगी, जहां शिपिंग बिल भर दिया गया है और लगान के लिए जहाज ने लंगर डाल दिया है।

